सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 30 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 206, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 447 अंकों की उछाल

रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी के दम पर स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही। } 14

## भारत में सहकारिता अब नवोंन्मेष व आत्मनिर्भरता का माध्यम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत में सहकारिता अब यह डिजिटल सेवाओं, ऊर्जा और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेष एवं आत्मनिर्भरता का माध्यम बन गयी है। } 16

# 200 मदरसे सील, 500 अवैध ढांचा हटाये गये

## सीएम धामी ने केंद्रीय विद्यालय खटीमा को दी नये भवन की सौगात

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में कट्टरपंथी मानसिकता और अराजक तत्वों के लिए कोई जगह नहीं है। राज्य सरकार ने दंगारोधी और धर्मांतरण विरोधी सख्त कानून लागू किये हैं। अब तक 200 से अधिक अवैध मदरसों को सील किया गया है और 500 से ज्यादा अवैध निर्माणों को हटाया गया है।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कालनेमि के अंतर्गत उन पाखंडियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है, जो सनातन धर्म को बदनाम करने का षड्यंत्र रचते हैं। यह विचार मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय विद्यालय खटीमा के



लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। केंद्रीय विद्यालय का निर्माण 26.23 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय सैन्य, अर्धसैनिक बलों एवं सरकारी कर्मचारियों के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर उनके छात्र जीवन में खटीमा में केंद्रीय विद्यालय होता, तो वे स्वयं भी उसका हिस्सा बनते। उन्होंने बताया कि विधायक रहते हुए उन्होंने इस विद्यालय की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किया और अब उसका भव्य भवन खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खटीमा उनका घर है और यहां के लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि खटीमा में हाइटेक बस स्टैंड, आधुनिक आईटीआई व पॉलीटेक्निक कॉलेज, 100 बेड अस्पताल परिसर, राष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम, बाईपास और पुलों का ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विकास कार्यों की सतत निगरानी करें नेता

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसदों-विधायकों संग की बैठक

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां सर्किट हाउस में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रयागराज और विन्ध्याचल मंडल के सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ प्रस्ताव एवं कार्य योजना की समीक्षा की।

राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, इस बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं और विकास प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज और विन्ध्याचल क्षेत्र के विकास को सरकार प्राथमिकता दे रही है। यह दोनों ही मंडल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के केन्द्र हैं। इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और समेकित विकास प्रदेश के विकास को गति प्रदान करेगा। बैठक में योगी आदित्यनाथ



ने जनप्रतिनिधियों द्वारा लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए इन प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शासन को उपलब्ध कराने के लिए कहा और लोक निर्माण विभाग तथा धर्मार्थ कार्य विभाग को इन प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता पर लेते हुए कार्यों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के अनुभव और स्थानीय आवश्यकताओं की समझ शासन के लिए मार्गदर्शक होती ...शेष पृष्ठ 14 पर

### योगी ने पीएम की जनसभा की तैयारी के निर्देश दिये

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के एक गांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो अगस्त की प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे और पहले दिन सर्किट हाउस में वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पाकिस्तान के एयरबेस अभी भी हैं आईसीयू में

## मोदी ने लोकसभा में कहा-दुनिया के किसी भी देश ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका

एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में दो दिवसीय बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी एयरबेस अभी भी आईसीयू में हैं। 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंडों की नींदें उड़ी हुई है। दुनिया के किसी भी देश ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों और विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका है। दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने को नहीं कहा। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि देश को पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन कांग्रेस देश के सैनिकों के पराक्रम के साथ खड़ी नहीं हो सकी।

पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में दो दिवसीय बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी एयरबेस अभी भी आईसीयू में हैं। 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंडों की नींदें उड़ी हुई है। दुनिया के किसी भी देश ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोका है। संयुक्त राष्ट्र में सिर्फ तीन देशों ने पाकिस्तान के पक्ष में बात की। **कांग्रेस ने हमारे सैनिकों के पराक्रम का समर्थन नहीं किया:** पीएम मोदी ने कहा कि भारत को पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस ने हमारे सैनिकों के पराक्रम का समर्थन नहीं किया।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक लाभ के लिए मुझे निशाना बनाया, लेकिन उनके तुच्छ बयानों ने हमारे बहादुर सैनिकों का मनोबल गिरा दिया।' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु धमकियों का पदार्फाश किया और दुनिया को दिखाया कि हम परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेंगे। **ऑपरेशन सिंदूर से लेकर सिंधु तक... पाकिस्तान ने मुंह की खाई:** पीएम मोदी ने



कहा कि हमारे ऑपरेशन सिंदूर से लेकर सिंधु (सिंधु जल संधि) तक... पाकिस्तान ने मुंह की खाई है। पाकिस्तान जानता है कि उसे किसी भी दुस्साहस की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पहले भी आतंकी हमले हुए थे। हमलों के मास्टरमाइंड जानते थे कि कुछ नहीं होगा, लेकिन अब उन्हें पता है कि भारत उन पर हमला करेगा। **दुनिया ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में बने ड्रोन और मिसाइलों ने सैन्य अभियान के दौरान पाकिस्तानी हथियारों और गोला-बारूद की क्षमताओं को उजागर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी। उन्होंने कहा, 'हमने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए 22 मिनट के अंदर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। **भारत में दंगे भड़काने की एक साजिश थी:** मोदी ने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय कार्रवाई की भनक लग गई थी और उसने परमाणु हमले की धमकियां देनी शुरू कर दी थीं, लेकिन जब आतंकी ठिकानों पर हमला हुआ तो वह कुछ नहीं कर सका। उन्होंने कहा, यह (पहलगाम हमला) भारत में दंगे भड़काने की एक साजिश थी और देश की एकता ने उस कोशिश को नाकाम कर दिया। **आतंकवाद के आकाओं की आज भी नींद उड़ी हुई:** उन्होंने कहा कि मैं यहां भारत का पक्ष रखने और उन लोगों को आईना दिखाने के लिए खड़ा हूं, जो इसे नहीं समझते। मैंने कहा था कि हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को ऐसा करारा सबक सिखाएंगे, जो उनकी कल्पना से भी परे होगा। उन्होंने आगे कहा, 'हमें अपने सशस्त्र बलों की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है और उन्हें जवाब देने की पूरी छूट दी गई थी। सशस्त्र बलों ने उन्हें ऐसा सबक सिखाया कि आतंकवाद के आकाओं की आज भी नींद उड़ी हुई है। मोदी ने कहा कि नौ मई ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### रूस के हमलों से यूक्रेन में 22 लोगों की मौत

कीव। रूस ने सोमवार रात को यूक्रेन की एक जेल और एक चिकित्सा केंद्र समेत देश के विभिन्न हिस्सों में हमले किये, जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को धमकी दी थी कि अगर वह नहीं रुका, तो उस पर जल्द ही प्रतिबंध और शुल्क लगाए जाएंगे, हालांकि इसके बावजूद रूस की तरफ से हमले जारी हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने रातभर यूक्रेन पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें, 37 ड्रोन दागे। उसने बताया कि 32 ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिजिया क्षेत्र में एक जेल को निशाना बनाकर विमान से चार शक्तिशाली बम गिराए, जिसमें कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई और 80 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन की स्टेट क्रिमिनल एग्जीक्यूटिव सर्विस के अनुसार यह हमला सोमवार देर रात किया गया जिसमें चार बम गिराकर बिलेनकिवस्का करेक्शनल कॉलोनी को निशाना बनाया गया।

### इजराइल के हमलों में 78 फलस्तीनी मरे

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल के हवाई हमलों या गोलीबारी में कम से कम 78 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गर्भवती महिला की मौत होने के बाद एक जटिल सर्जरी कर उसका प्रसव कराया गया लेकिन उसके नवजात शिशु की भी मौत हो गयी। मृतकों में कई लोग भोजन की तलाश में थे। इस हमले से पहले ही इजराइल ने क्षेत्र में गंभीर होते मानवीय संकट के मद्देनजर प्रतिबंधों में ढील दी थी। गाजा में भुखमरी के बढ़ते संकट को लेकर बढ़ते दबाव के बीच इजराइल ने गत सप्ताहांत में कहा था कि वह गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी क्षेत्रों में रोज 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रोकेगा।

# भारत ने किया मिसाइल प्रलय का परीक्षण

## प्रलय एक कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है

एजेंसी

बालासोर/नयी दिल्ली। भारत ने पारंपरिक युद्ध सामग्री ले जाने में सक्षम नयी विकसित सामरिक मिसाइल प्रलय का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

प्रलय एक कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी पेलोड क्षमता 500 से 1000 किलोग्राम तक है। पेलोड क्षमता का अर्थ है कि कोई मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या विमान अधिकतम कितने भार का विस्फोटक, उपकरण या सामग्री अपने लक्ष्य तक ले जा सकता है। यह मिसाइल पारंपरिक युद्ध सामग्री ले जाने में सक्षम है और इसकी मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस मिसाइल से सशस्त्र बलों को खतरों के खिलाफ और



तकनीकी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम रेंज क्षमता की पुष्टि करने के लिए उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों (यूजर इवाल्यूएशन ट्राइल) के एक भाग के रूप में उड़ान परीक्षण किए गए थे। इसने कहा कि मिसाइलें ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बस और ट्रक में टक्कर, छह कांवड़ियों की मौत

## झारखंड के देवघर में हुआ हादसा, 24 अन्य लोग घायल, मोदी ने संवेदना जताई

एजेंसी

रांची/देवघर। झारखंड के देवघर में मंगलवार को एक बस और गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक के बीच टक्कर होने से कम से कम छह कांवड़ियों की मौत हो गई और 24 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि कांवड़ियों को ले जा रही एक बस मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया जंगल के पास सुबह करीब साढ़े पांच बजे गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक से टकरा गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर कहा, झारखंड के देवघर में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी पड़ी



है, उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति दे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लाकड़ा ने बताया, देवघर के जमुनिया चौक पर हुए हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। घायलों में से आठ व्यक्तियों को देवघर स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है, जबकि शेष का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। इससे पहले, दुमका जोन के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह दुर्घटना तब हुई, जब कांवड़ियों से भरी बस गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक से टकरा गई थी। उन्होंने बताया कि टक्कर के बाद बस चालक वाहन से नीचे गिर गया, जिससे वाहन के स्टेयरिंग पर कोई भी मौजूद नहीं रहा। इसके बाद बस कुछ देर तक चलती रही और फिर ईंटों के ढेर से टकराकर रुक गई। अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि इस दुर्घटना में 18 कांवड़ियों की मौत हुई है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत देवघर में श्रावण ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- उप राष्ट्रपति के पद पर चुनाव के लिए ईसीआई ने प्रकाशित की पुस्तिका (पृष्ठ–02)
- राजकीय आईटीआई में 52 प्रतिशत सीटें भरीं (पृष्ठ–02)
- टीसीएस का बाजार पूंजीकरण दो सत्र में 28,148.72 करोड़ घटा (पृष्ठ–14)
- राजस्व वृद्धि सात से नौ प्रतिशत तक रहने का अनुमान (पृष्ठ–14)
- रुपया 12 पैसे टूटकर 86.82 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ–14)


विशेष खबर रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि यदि उसकी ओर से कुछ आतंकवादी करतूत की गयी तो ऑपरेशन सिंदूर को फिर शुरू करने में रंचमात्र भी देर नहीं की जायेगी

# जल्द होगी पीओके के लोगों की घर वापसी: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के समन्वय का बेमिसाल उदाहरण बताते हुए कहा कि आज का भारत सहन करने में नहीं, बल्कि माकूल जवाब देने में विश्वास करता है। साथ ही उन्होंने यह उम्मीद भी जतायी कि पीओके के लोगों की एक दिन घर वापसी जरूर होगी।

साथ ही रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि उसकी ओर से कुछ आतंकवादी करतूत की गयी तो ऑपरेशन सिंदूर को फिर शुरू करने में रंचमात्र भी देर नहीं की जाएगी। सिंह ने राज्यसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान



महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्वाई रोक दी जाए। सिंह ने कहा, मैं सदन को यह भी बताना चाहूंगा कि किसी क्षेत्र पर कब्जा करना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं था। इसका उद्देश्य पाकिस्तान द्वारा वर्षों से पाले गए आतंकवाद की नर्सरी का अंत करना था। उन लोगों को न्याय दिलाना था जिन्होंने पाक प्रायोजित पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया। रक्षा मंत्री ने कहा, 10 मई की सुबह जब भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के कई एयरफील्ड पर करारा हमला किया तो पाकिस्तान ने हार मान ली और संघर्ष रोकने की पेशकश की। उच्च सदन में चर्चा की शुरुआत में ही सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए सेना और सुरक्षा बलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत की आतंरिक एवं बाह्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए देश के रक्षा बलों की जो भूमिका रही है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में यह विस्तृत जानकारी दी है कि सोमवार को सेना, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मंडी में आई अचानक बाढ़ से तीन की मौत, एक लापता

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में सोमवार रात बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण तीन लोगों की मौत हो गई, 20 से अधिक वाहन मलबे में दब गए और कई घरों में पानी भर गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार शाम से मंडी में 198.6 मिलीमीटर बारिश हुई।

बारिश इतनी तेज थी कि शहर से गुजरने वाले नालों में तेज बहाव के साथ भारी मात्रा में बहकर आया मलबा करीब पांच किलोमीटर के इलाके में फैल गया। इसके कारण जेल रोड, सैनी मोहल्ला और जोनल अस्पताल का इलाका सबसे अधिक प्रभावित हुआ। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया, तीन लोगों की मौत हो गई, एक व्यक्ति घायल है और एक महिला लापता है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है और लगभग 15-20 लोगों को बचा लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान बलबीर सिंह, अमरप्रीत सिंह और उनकी मां सपना के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दर्शन सिंह नाम का एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे मंडी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि कई घरों के क्षतिगस्त होने के कारण लोगों को आश्रय देने के लिए विपाशा सदन ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

## गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी पर आयोजित प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को सीएम योगी ने किया पुरस्कृत

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेलों से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। विगत आठ सालों में इसके परिणाम भी सामने आए हैं। एक तरफ ग्रामीण स्तर तक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है तो दूसरी तरफ पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानजनक पुरस्कार राशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी की सुविधा दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के माध्यम से देश-प्रदेश

- पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने में यूपी देश का अग्रणी राज्य : सीएम
- खेल और खिलाड़ियों के हित में प्रदेश ने उठाये अनेक कदम




का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने के मामले में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।

सीएम योगी मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में नागपंचमी के अवसर पर खेल विभाग और जिला कुश्ती संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइजमनी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले 11 सालों से खेल और खेल की गतिविधियों भारी परिवर्तन आया है। 2014 में पीएम मोदी ने खेलो इंडिया की घोषणा कर युवाओं और नागरिकों को खेलों की उपादेयता से अवगत कराया। प्रोत्साहन मिलने से 11 वर्षों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियाड, वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है और इसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने राज्य में खेल अवस्थापना सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं और प्रतिभागियों का सम्मान करने के साथ गांव, ब्लॉक और जिला स्तर तक खेल सुविधाओं का विकास किया है। गांव स्तर पर खेल के मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिला स्तर पर स्टेडियम बनाए गए। युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों के माध्यम से गांव-गांव के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट प्रदान किए गए।

**500 से अधिक खिलाड़ियों को दी गई सरकारी नौकरी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार से मिले प्रोत्साहन से प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियाड, वर्ल्ड चैंपियनशिप और नेशनल गेम्स में मान बढ़ाया है। प्रदेश की खेल नीति के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार सरकारी नौकरी की सुविधा दे रही है। खिलाड़ियों सरकारी नौकरी देने के मामले में प्रदेश पहले स्थान पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता, अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश को तीसरा स्थान मिला है और इसमें उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ योगदान है।

**सीएम योगी ने बढ़ाया पहलवानों का उत्साह, किया पुरस्कृत :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश केसरी, उत्तर प्रदेश कुमार व उत्तर प्रदेश वीर अभिमन्यु खिताब के लिए फाइनल मुकाबले का अवलोकन किया और ताली बजाकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश केसरी का खिताब जीतने वाले गौतमबुद्धनगर के जोंटी भाटी को 1.01 लाख रुपये व गदा, उप विजेता बागपत के उत्तम राणा को 51 हजार रुपये, उत्तर प्रदेश कुमार का खिताब जीतने वाले गोरखपुर खेल छात्रावास के सौरभ को 1.01 लाख रुपये व गदा, उप विजेता गोरखपुर के रमन सिंह को 25 हजार, वीर अभिमन्यु का खिताब जीतने वाले गोंडा के मोनू को 51 हजार रुपये व गदा, उप विजेता गोरखपुर के जनार्दन को 25 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। इसी क्रम में सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश केसरी के मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे दो पहलवानों बागपत के मयंक तोमर व एनई रेलवे के वीरेश कुंडू को तथा उत्तर प्रदेश कुमार के मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे दो पहलवानों गोंडा के मोहित और जौनपुर के अमित यादव को 21-21 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। जबकि वीर अभिमन्यु के मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे दो पहलवानों स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर के अभिषेक यादव व बागपत के सतीश को 11-11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक प्रदीप शुक्ला, महेन्द्र पाल सिंह, विपिन सिंह, विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, कुश्ती संघ के दिनेश सिंह, कबड्डी संघ के अरुणेश शाही, जिलाध्यक्ष हॉकी संघ मनीष सिंह, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, आदित्य सिंह आगू, जय रघुवंशी, क्षेत्रीय खेल निदेशक आरपी सिह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी पर कुश्ती की परंपरा सैकड़ों वर्ष पुरानी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर के प्रांगण में प्राचीन भारतीय खेल कुश्ती प्रतियोगिता की परंपरा सैकडों वर्षों पुरानी है। विगत कुछ सालों से इसका स्वरूप प्रदेश स्तरीय कर दिया गया है। अब यह आयोजन पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए उत्साह और उमंग का माध्यम बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने सभी को नागपंचमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि नागपंचमी आध्यात्मिक शक्ति पूजन का भी पर्व है। कहा कि हर शरीर में आध्यात्मिक शक्ति होती है जिसे सामान्य भाषा में सर्पेंट पॉवर कहा जाता है। आध्यात्मिक शक्ति से ही अष्ट सिद्धि और नवनिधि की प्राप्ति संभव होती है जिसके लिए साधु संत लालायित रहते हैं। नागपंचमी का पर्व कुश्ती दंगल के आयोजनों से शारिरिक और आध्यात्मिक शक्ति के प्रदर्शन का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों में लोग भले ही सांपों को देखकर डरते हों, लेकिन नागपंचमी पर्व पर दूध लावा चढ़ाकर उनकी पूजा करते हैं। यह पर्व भारतीय परंपरा के अनुसार जीव-जंतुओं के प्रति अनुराग व करुणा का भाव प्रदर्शित करने का भी माध्यम है। कारण, सबके संरक्षण से ही जीव सृष्टि बचेगी।

### खेल और खिलाड़ियों के हित में लिए गये कई ऐतिहासिक निर्णयः खेल मंत्री

**गोरखपुर।** प्रदेश स्तरीय प्राइजमनी कुश्ती प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छूते हुए सर्वोत्तम प्रदेश बन रहा है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में राज्य के खेल विभाग ने खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। इससे गांव-गांव में खेल का माहौल बना रहा। उन्होंने बताया कि यूपी में 20 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान विकसित हुए हैं। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# राजकीय आईटीआई में 52 प्रतिशत सीटें भरीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया के पहले दो चरण पूरे हो चुके हैं। राजकीय आईटीआई में इस बार कुल 1,35,447 सीटों में से 70,781 सीटों पर अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है, जो कि कुल 52.25 प्रतिशत है। वहीं, निजी आईटीआई में भी 30,427 छात्रों ने दाखिले लिए हैं।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई से प्रारंभ होकर 5 अगस्त तक चलेगी। इस चरण में लोकप्रिय ट्रेडों की लगभग 25 हजार सीटों पर प्रवेश का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रदेश सरकार ने फीस को पूर्ववत बनाए रखने का निर्णय लिया है, जिसका शासनादेश 28 जुलाई को जारी हो चुका है। राजकीय आईटीआई में बुलंदशहर, पीलीभीत, रायबरेली, प्रयागराज, बरेली, लखीमपुर-खीरी और फरुर्खाबाद ऐसे जिले हैं जहां 60 प्रतिशत से अधिक सीटें भरी गई हैं। केवल 28 जनपदों में ही सीट भराव 30 से 50 प्रतिशत के बीच है। विभाग

- तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई से
- सरकार की पहल और अभियानों का दिखा असर
- निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए फीस यथावत
- तृतीय चरण में 25 हजार ट्रेडों पर मिलेगा प्रवेश का मौका
- निजी संस्थानों के लिए फीस स्थिर रखने का आदेश जारी

अब उन ट्रेडों की समीक्षा कर रहा है जिनमें कम अभ्यर्थी दाखिला ले रहे हैं। ऐसी ट्रेडों को मिलते-जुलते लोकप्रिय ट्रेड में परिवर्तित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरि ओम ने बताया कि विभागीय स्तर पर प्रवेश बढ़ाने के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं।

इनमें इंडस्ट्री मीट, कौशल मेलों, रोजगार मेलों और सीएक्सओ मीट जैसे आयोजनों के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों की क्षमता वृद्धि प्रमुख रही। उन्होंने कहा कि जो आईटीआई तीसरे चरण तक 80 प्रतिशत से अधिक सीटों पर दाखिला कराएंगे, उनके प्रधानाचार्य को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

डॉ. हरि ओम ने यह भी बताया कि निजी आईटीआई प्रतिनिधियों से लगातार संवाद किया जा रहा है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कर उन्हें बेहतर कौशल वातावरण प्रदान किया जा रहा है, ताकि प्रदेश में कौशल शिक्षा का स्तर और भी बेहतर हो सके।

# प्रदेश में पर्याप्त यूरिया और फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को खरीफ फसलों की रोपाई और गन्ने की खड़ी फसल में टॉप ड्रेसिंग हेतु समयबद्ध और पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

- उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठायेगी
- किसानों से आवश्यकतानुसार ही उर्वरक खरीदने की अपील
- शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये



प्रदेश में इस समय 9.18 लाख मीट्रिक टन यूरिया एवं 5.58 लाख मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक (डीएपी, एनपीके) की उपलब्धता है। यह उपलब्धता सहकारिता क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र दोनों के माध्यम से किसानों को सुलभ कराई जा रही है। प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के समस्त उर्वरक विनिमार्ताओं एवं प्रदायकर्ता संस्थाओं के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में खरीफ सीजन हेतु भारत सरकार द्वारा प्रदेश को आवंटित यूरिया की आपूर्ति की प्रगति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तुत विवरण के अनुसार प्रदेश को कुल 10 लाख मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अब तक केवल 5.37 लाख मीट्रिक टन की आपूर्ति हुई है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का मात्र 59 प्रतिशत है। बैठक में पाया गया कि कुछ कंपनियों द्वारा बहुत कम प्रतिशत में आपूर्ति की गई है, जिससे कृषकों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। कृभको द्वारा केवल 36 प्रतिशत, इफको द्वारा 55 प्रतिशत, आरसीएफ द्वारा 63 प्रतिशत और आईपीएल द्वारा केवल 8 प्रतिशत आपूर्ति की गई है। मंत्री शाही ने इस स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कंपनियों को शेष आवंटन की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कृभको को निर्देशित किया कि शेष यूरिया की आपूर्ति शाहजहांपुर संयंत्र से तत्काल प्रदेश में कराई जाए। एनएफएल ने आश्वासन दिया कि वह शेष 14122 मीट्रिक टन यूरिया इसी माह में उपलब्ध करा देगा। आरसीएफ ने जानकारी दी कि आगामी तीन दिनों में प्रदेश को तीन रैक यूरिया भेजा जाएगा, जबकि इफको ने बताया कि वह 21000 मीट्रिक टन यूरिया शीघ्र भेजने जा रही है।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी कंपनियां फुटकर विक्रेताओं के केन्द्रों तक एफओआर (थ्तमम वद तंपसध्त्वंक) आधार पर समय से उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करें। कहीं भी उर्वरक की ओवररेटिंग, टैगिंग या जबरन अन्य उत्पादों की बिक्री की शिकायत मिलने पर संबंधित कंपनी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।1 जुलाई से 29 जुलाई के मध्य भारत सरकार द्वारा प्रदेश के लिए कुल 176 रैक यूरिया भेजे गए, जिनमें से 151 रैक प्रदेश को प्राप्त हो चुके हैं जबकि शेष 25 रैक रास्ते में हैं, जो अगले 2 से 3 दिनों के भीतर संबंधित जिलों तक पहुँच जाएँगे। वर्तमान में प्रदेश में यूरिया की दैनिक खपत औसतन 48384 मीट्रिक टन है, जबकि प्रतिदिन औसतन मात्र 18187 मीट्रिक टन यूरिया की प्राप्ति हो रही है। इस अंतर को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि निजी क्षेत्र द्वारा वितरित उर्वरकों में से 50 प्रतिशत मात्रा सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि कृषकों को उनके विश्वसनीय माध्यम से उर्वरक प्राप्त हो सके।

# लोकदल का भाजपा पर करारा हमला

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने भाजपा के नेताओं के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा की कथित राष्ट्रभक्ति सिर्फ चुनावी मंच तक सीमित है। उन्होंने कहा गृहमंत्री कहते हैं पीओके के लिए जान दे देंगे...।



प्रदेश के मुखिया चुनाव के समय कहते हैं 6 महीने में पीओके भारत का हिस्सा बना देंगे और अब देश के रक्षामंत्री संसद में खड़े होकर कहते हैं हमारा मकसद पीओके हासिल करना था ही नहीं। यह बयानबाजी दर्शाती है कि भाजपा के नेता सिर्फ जनता की भावनाओं से खेलना जानते हैं। देशभक्ति इनके लिए सिर्फ एक चुनावी जुमला बनकर रह गई है। भावनाएं भड़काओ, वोट बटोर लो और फिर अपने ही वादों से पलट जाओ। सुनील सिंह ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा को राष्ट्रीय सुरक्षा और कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर झूठी बयानबाजी करना न सिर्फ देश के साथ धोखा है, बल्कि यह उन जवानों का भी अपमान है, जिन्होंने सीमा पर अपना बलिदान दिया है।

# आतंकवाद पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण : मयंक त्रिवेदी

**लखनऊ।** जहां एक ओर हमारी सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर के निकट चलाए गए ऑपरेशन महादेव में बड़ी सफलता प्राप्त की है और पहलगाम आतंकी हमले में शामिल रहे तीन खूंखार पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर देश को बड़ी राहत दी है। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष इस पर संशय और संदेह की राजनीति कर रहा है, जो अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बयान रालोद के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने मंगलवार को देते हुए कहा कि जब पूरा देश हमारी सुरक्षा एजेंसियों की बहादुरी और सफल रणनीति पर गर्व कर रहा है। ऐसे समय में विपक्ष का राजनीतिक स्वार्थ के लिए सेना के पराक्रम पर सवाल उठाना न केवल सैनिकों का अपमान है, बल्कि उन शहीदों का भी अपमान है। जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस लश्कर-ए-तैयबा के सुलेमान शाह को पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड माना गया, उसे सेना ने बहादुरी से मुठभेड़ में मार गिराया। साथ ही अबू हमजा और यासिर जैसे अन्य आतंकियों को भी खत्म किया गया, जो भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बने हुए थे। ऐसे में यह वक्त सेना के शौर्य को सराहने और जवानों को सलाम करने का है, न कि राजनीतिक संदेह और बयानबाजी का। मयंक त्रिवेदी ने स्पष्ट किया कि रालोद आतंकवाद के खिलाफ हर सैन्य अभियान और सुरक्षा बलों के पराक्रम के साथ खड़ा है। उन्होंने अपील की कि राजनीतिक दल इस मुद्दे पर संवेदनशीलता बरतें और आतंकवाद पर राजनीति बंद करें।

# विभिन्न आपदाओं से प्रभावित होने वालों को राहत सहायता देने के लिए 604 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश के राजस्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा घोषित विभिन्न आपदाओं से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों/परिवारों को राहत सहायता प्रदान किये जाने के लिए कुल 604 लाख रुपए मंजूर किये हैं। यह धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि के तहत मंजूर की गयी है। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार आगरा के लिए 01 करोड़ रुपए, शाहजहांपुर के लिए 02 करोड़ रुपए, महोबा के लिए 1.54 करोड़ रुपए, बांदा के लिए 01 करोड़ रुपए तथा गोण्डा के लिए 50 लाख रुपए मंजूर किये गये हैं।

# उप राष्ट्रपति के पद पर चुनाव के लिए ईसीआई ने प्रकाशित की पुस्तिका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी उप राष्ट्रपति चुनाव, 2025 के संबंध में आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने भारत के उप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव, 2025 शीर्षक से एक पुस्तिका तैयार की है, जो इस चुनाव के विभिन्न पहलुओं को सरल भाषा में स्पष्ट करती है।

भारत का निर्वाचन आयोग, भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत, भारत के उप-राष्ट्रपति के पद हेतु चुनाव कराने का दायित्व रखता है। संविधान के अनुच्छेद 68(2) के प्रावधानों के अनुसार, यदि उप-राष्ट्रपति के पद पर किसी कारणवश – मृत्यु, त्यागपत्र, हटाव या अन्य किसी कारण – रिक्ति उत्पन्न होती है, तो उस रिक्ति की पूर्ति के लिए चुनाव, उस घटना की तारीख के बाद यथाशीघ्र कराना होगा। पद रिक्त होने की स्थिति में चुना गया व्यक्ति, अनुच्छेद 67 के प्रावधानों के अधीन, उस तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करने का पात्र होगा जिस दिन से वह अपना कार्यभार ग्रहण करता है। भारत के उपराष्ट्रपति पद का चुनाव राष्ट्रपति एवं उप-राष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों, अर्थात राष्ट्रपति एवं उप-राष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974 द्वारा शासित होता है। उप-राष्ट्रपति चुनाव, आमतौर पर होने वाले लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनावों से भिन्न होता है। इसमें निर्वाचक मंडल की रचना, प्रत्याशियों की पात्रता, मतदान की प्रणाली, मतगणना की विधि एवं इस चुनाव से संबंधित कानूनी प्रावधान आदि में अंतर होता है। यह पुस्तिका, उप राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों, निर्वाचक मंडल की रचना, प्रत्याशियों की पात्रता शर्तों, चुनाव कार्यक्रम के निर्माण, रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति, मतदान केंद्र का निर्धारण, मतदान की विधि, मतगणना की विधि और चुनाव विवादों से संबंधित प्रावधानों को विस्तार से समझाती है। यह पुस्तिका 1952 से 2022 तक संपन्न 16 उप-राष्ट्रपति चुनावों पर संक्षिप्त टिप्पणियां भी प्रस्तुत करती है। यह पुस्तिका ईसीआई की व े ब ा स ा इ ट https://www.eci.gov.in पर निम्नलिखित लिंक के माध्यम से उपलब्ध है।

## रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कालेज

यह कालेज कुम्भी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम शहाबुद्दीनपुर स्थित है, ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा के लिए विशेष पहचान बना चुका है। कालेज प्रबन्धन बालिका शिक्षा के साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में समय समय पर स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर लगाकर लोगों में अपनी छाप जमा चुके हैं। हाईस्कूल और इण्टर मीडिएट के उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए ख्याति प्राप्त कर चुके कालेज में देहात क्षेत्र की बालिकाएं प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

सर्वेश वर्मा
प्रधानाचार्य

स्थापित वर्ष-2004
हमारी परम्परा है कुछ नया करने की
RANI LAXMI BAI
INTER COLLEGE
हमारा रिजल्ट ही हमारी पहचान



लखीमपुर जनपद में ग्रामीण क्षेत्र का सर्वोत्तम शिक्षण संस्थान
सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
मानविकी वर्ग, विज्ञान वर्ग कृषि वर्ग
HINDI AND ENGLISH MEDIUM
Admission Open
PLAY GROUP TO XII NEW SESSION 2025-26
Contact us : 9452506576 www.rlbcollege.in
E-mail : rlb.inter.college@gmail.com

# क्रियात्मक शोध एवं शोध प्रतिवेदन पर कार्यशाला में छात्रों ने पूछे सवाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा बीएड प्रशिक्षणार्थियों के लिए क्रियात्मक शोध और शोध प्रतिवेदन पर हाइब्रिड मोड में एक कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में

- बीबीडी यूनिवर्सिटी, स्कूल ऑफ एजुकेशन ने किया आयोजन

बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रेजिडेंट विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास के आशीर्वाद और प्रेरणा प्राप्त हुई। साथ ही, बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा के मार्गदर्शन ने इस आयोजन को प्रभावी रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. लालिमा, असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा संकाय, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ ने क्रियात्मक शोध एवं शोध प्रतिवेदन के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान के साथ बीएड प्रशिक्षणार्थियों एवं शोधार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य क्रियात्मक शोध हेतु बीएड प्रशिक्षणार्थियों को क्रियात्मक शोध की सही समस्या के सही चयन करने के साथ ही साथ शोधार्थियों को सही प्रकार से शोध प्रतिवेदन तैयार करने पर भी बल दिया गया। इस व्याख्यान में बी.एड. विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने अत्यधिक उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे और सन्तोषजनक उत्तर भी प्राप्त किए। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्रियात्मक शोध एवं शोध प्रतिवेदन हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करना था। इस कार्यशाला का सफल आयोजन स्कूल ऑफ एजुकेशन की विभागाध्यक्ष प्रो. कनक द्विवेदी के समन्वय में किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रो. कनक द्विवेदी ने मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. लालिमा एवं समस्त संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आयोजन समिति का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस कार्यशाला के सफल आयोजन में सभी की सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मुदित कुमार वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा संकाय ने किया। यह कार्यशाला बीएड प्रशिक्षणार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए क्रियात्मक शोध और शोध प्रतिवेदन को जानने और समझने का एक प्रभावी मंच भी बना।

# सड़क निर्माण के लिए 73.77 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में सड़क निर्माण संबंधी कार्यों के लिए 73.77 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि जनपद गाजियाबाद के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जनपद गाजियाबाद को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर में सिखडा रोड पर प्राइमरी स्कूल चॉकलेट फैक्ट्री सीएसपीएल होते हुए सिखेडा रोड नाले तक इन्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य के लिए 46.208 लाख रुपए तथा ग्राम जोया में सचिवालय से सुखवीर के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य किये जाने के लिए 27.562 लाख रुपए मंजूर किये गये हैं। इस कार्य हेतु मंजूर की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित होगा।



# बच्चों ने दी कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के छात्रों को देशभक्ति, बलिदान और वीरता की महत्ता से कराया अवगत**



**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के कक्षा 1 से 7 तक के सभी छात्रों को शहीद स्मारक पार्क ले जाया गया। इस अवसर का उद्देश्य बच्चों को देशभक्ति, बलिदान और वीरता के महत्त्व से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट के मौन श्रद्धांजलि के साथ हुई। छात्रों ने 'जय हिंद', 'वंदे मातरम' जैसे नारों के साथ देशभक्ति गीत गाए। शिक्षकों ने बच्चों को कारगिल युद्ध के इतिहास, हमारे सैनिकों की बहादुरी और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान की जानकारी दी। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान और कर्तव्य भावना को जागृत करने का प्रयास किया गया। प्रधानाचार्या अंजना स्वामी ने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता की भावना बचपन से ही विद्यार्थियों में विकसित होनी चाहिए। इस अवसर पर सभी छात्रों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। विद्यालय परिवार ने इस दिन को एक प्रेरणादायक अनुभव के रूप में मनाया।

# आवंटित प्लॉट का कब्जा नहीं मिला भू-माफिया ने बसा दीं झोपड़ियां



विशेष संवाददाता (vol)

**● खजाना कॉम्प्लेक्स की देखरेख में लापरवाही, दर्ज होगी एफआईआर**

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार योजना में भूखण्ड संख्या 4/डी-546 एफ आवंटित हुआ है। लेकिन, मौके पर किसी अन्य व्यक्ति की ओर से अवैध कब्जा करके निर्माण करा लिया गया है। नागरिक सुविधा दिवस में इस शिकायत पर मण्डलायुक्त ने एक सप्ताह के अंदर अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटवाकर आवंटी को भूखण्ड पर भौतिक कब्जा दिलवाए जाने के निर्देश दिए। इसी तरह एक अन्य शिकायत में बताया गया कि ऐशबाग योजना के अंतर्गत रामनगर कॉलोनी में आवंटित 80 भूखण्डों पर अवैध कब्जा कर झुग्गी-झोपड़ियां बसा दिया गया है। गोमती नगर स्थित एलडीए में मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। नागरिकों की अधिकांश शिकायतें भूखंड पर कब्जा न मिलने, मुआवजा भुगतान में देरी, बिजली कनेक्शन, सीवर लाइन, सड़क निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर रहीं। इसमें मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, नगर आयुक्त गौरव कुमार व एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने समस्याओं को सुना। कानपुर रोड योजना के अंतर्गत आशियाना स्थित खजाना कॉम्प्लेक्स में रख-रखाव एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पिछले एक वर्ष से कोई सुनवाई नहीं हुई है। मंडलायुक्त ने एलडीए के अधिकारियों को मौके पर जाकर खजाना कॉम्प्लेक्स की व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। कहा, इस प्रकरण में लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवायी जाए। जनसुनवाई के दौरान मंडलायुक्त को शिकायतकर्ता की ओर से अवगत कराया गया कि ऐशबाग योजना के अंतर्गत रामनगर कॉलोनी में आवंटित हुए 80 भूखण्डों पर भू-माफिया प्रकाश यादव और उसके दबंग साथियों ने अवैध कब्जा कर झुग्गी-झोपड़ियां बनवाकर वहां लोगों को बसा दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कालोनी का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगर जांच में अवैध कब्जों की पुष्टि होती है तो तत्काल प्रभाव से अभियान चलाकर भूखण्डों को कब्जामुक्त करवाया जाए।

**आवंटित प्लॉट पर कब्जा नहीं मिल रहा :** लोगों ने बताया कि कई वर्षों से एलडीए से आवंटित प्लॉट पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक तनाव झेल रहे हैं। बसंतपुर आवास योजना से जुड़े कल्याण समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि वसंत कुंज सेक्टर-ए योजना के अंतर्गत भुगतान करने के बावजूद अब तक न तो भूखंड पर कब्जा मिला है और न रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हुई है। उन्होंने बताया कि कई लोगों ने इस योजना के तहत लोन लेकर भुगतान किया था।

**हाउस लोन को पर्सनल में बदलने की चेतावनी :** अब तक रजिस्ट्री न मिलने के कारण बैंक लगातार नोटिस भेजकर हाउस लोन को पर्सनल लोन में बदलने की चेतावनी दे रहे हैं। इससे आम जनता को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। वे इस मुद्दे को पहले भी कई बार एलडीए अधिकारियों के सामने उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। कमिश्नर ने छह महीने में कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया है। बिजली कनेक्शन न मिलने, सीवर लाइन के खराब होने और सड़कों की जर्जर हालत की शिकायत की।

अधिकारियों ने सभी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। नागरिक सुविधा दिवस में कुल 93 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 17 प्रकरणों का ही निराकरण हो सका। इनमें एलडीए की 59, नगर निगम की 23, लेसा की 05 व जलकल की 06 शिकायतें आईं।

# श्रावस्ती में अवैध मजार पर चला बुलडोजर



विशेष संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के अनुपालन में सीमावर्ती जनपदों में अवैध मजार के निमार्णों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए श्रावस्ती प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। भिनगा-सिरसिया मार्ग पर नगर पालिका परिषद की आरक्षित भूमि पर अवैध रूप से बने मजार को गिराकर शासकीय संपत्ति को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई प्रशासन, नगर पालिका और राजस्व विभाग के संयुक्त अभियान के तहत की गई।

यह भूमि खंड गाटा संख्या-121, रकबा 0.1420 हेक्टेयर नगर पालिका भिनगा के अंतर्गत आता है और इसे इमारती लकड़ी भंडारण के लिए आरक्षित किया गया था। प्रशासन को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि इस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर मजार का निर्माण कर लिया गया है। प्रशासन ने तत्काल सख्ती दिखाते हुए शासकीय भूमि पर अनधिकृत कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद, राजस्व विभाग और पुलिस बल के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने पहले सीमांकन कर कब्जे की विधिवत पहचान की और संबंधित पक्षों को अग्रिम सूचना दी गई। निर्धारित समय के पश्चात मंगलवार को पूरे प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर अवैध मजार के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया। अवैध मजार सहित सभी निमार्णों को ध्वस्त कर दिया गया और भूमि को पूर्ण रूप से कब्जा मुक्त घोषित किया गया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल भी तैनात रहे ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका की आरक्षित भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत हटाया गया है। यह कार्यवाही कानून व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक हित की रक्षा के लिए आवश्यक थी। भविष्य में किसी को भी सरकारी भूमि पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# गाजीपुर में रिकॉर्ड वर्षा, आज बारिश की चेतावनी

विशेष संवाददाता (vol)



**● बारिश से सीवर ओवरफ्लो, हेरिटेज जोन में भरा गंदा पानी**

**लखनऊ।** अगले 48 घंटों के लिए पश्चिमी और पूर्वी यूपी में कई स्थानों पर बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं पर अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि 31 जुलाई और 1 अगस्त को बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी, लेकिन 2 अगस्त से फिर तेजी देखने को मिलेगी। लखनऊ के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। चौक घंटाघर के सामने सीवर ओवरफ्लो हो गया। हेरिटेज जोन में गंदा पानी भर गया। पुराने लखनऊ के अन्य इलाकों में भी जगह-जगह जलभराव हुआ। चौक में करीब 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। एम्बुलेंस भी उसमें फंस गई। मंगलवार को पूर्वांचल, बुंदेलखंड, आगरा आदि में अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से दक्षिणी यूपी में बारिश कमजोर पड़ेगी। मंगलवार को पूर्वी यूपी के गाजीपुर में सर्वाधिक 113 मिमी बारिश दर्ज की गई। कन्नौज में 88 मिमी, कुशीनगर में 82 मिमी और गोरखपुर में 72.3 मिमी बारिश हुई। प्रयागराज, वाराणसी, बिजनौर आदि में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से बुधवार के लिए बुंदेलखंड, विंध्य और आगरा क्षेत्र के 18 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 40 अन्य जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन उत्तर की ओर शिफ्ट हुआ है। इसके असर से बुधवार को बुंदेलखंड और विंध्य में अच्छी बारिश होगी। बृहस्पतिवार से तराई में हल्की से मध्यम बारिश का दौर शुरू होगा। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिजार्पुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राजधानी के भिनगा लॉन, गुलामी कसाब मास्जिद के पास जर्जर प्लाट की दीवार गिर गई। इसी से सटा लगा पुराना पेड़ भी गिरने की कगार पर है। इस घनी आबादी वाले पुराने इलाकों में जर्जर दीवार खतरनाक हो गयी है।

## सफाई श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने की मांग


**लखनऊ।** नगर महापालिका कर्मचारी यूनियन लखनऊ के अध्यक्ष ओम प्रकाश उप्रेती ने सफाई संवर्ग के श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 388 रुपये से बढ़ाकर 422.85 रुपये किए जाने की मांग की है। महापौर को मांग पत्र सौंपकर संगठन ने कहा है कि महापौर के कुशल नेतृत्व व कर्मचारी, अधिकारियों के प्रयास से लखनऊ नगर निगम को स्वच्छता रैंकिंग में देश में तीसरा व प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस पारितोषिक में सबसे निम्न कर्मचारी सफाई संवर्ग का भी अहम योगदान रहा है। ऐसे में उनकी दैनिक मजदूरी को बढ़ाया जाना चाहिए। यही उनके लिए प्रेरणादायक पारितोषिक होगा।

## एलडीए में दो जोन के जोनल अधिकारी बदले

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में जोनल अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया गया है। जोन 2 व जोन 5 के जोनल अधिकारी बदल दिए गए हैं। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नया आदेश जारी किया है। एक जुलाई को जारी किए गए आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जोन दो की जिम्मेदारी जोनल अधिकारी ओएसडी देवांश त्रिवेदी व जोन पांच की जिम्मेदारी एसडीएम विराग करवरिया को दी गई है। प्रवर्तन जोन क्षेत्रों में जोनल अधिकारी को अवैध निर्माण व विपरीत भू उपयोग आदि से सम्बंधित मामलों का निस्तारण करना होगा।

# अब स्ट्रीट लाइट की मेंटीनेंस करेगा नगर निगम

विशेष संवाददाता (vol)




**● ईईएसएल का करार रद**

**लखनऊ।** शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की देखरेख और मरम्मत का काम अब नगर निगम खुद करेगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निजी कम्पनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) का अनुबंध निरस्त कर दिया है। अब नगर निगम अपने संसाधनों से खुद स्ट्रीट लाइट का अनुरक्षण करेगा। ईईएसएल कंपनी के कामकाज को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। लाइटें खराब होने व चोरी होने की शिकायतें की जा रहीं थीं। पार्षदों व अधिकारियों ने भी नाराजगी जताई थी। नगर निगम सदन में हर बार स्ट्रीट लाइट को लेकर हंगामा होता था। शिकायतों का निस्तारण न होने पर अफसरों को जवाब देना पड़ता था। इससे पार्षद और अधिकारी दोनों ने राहत की सांस ली है।

नगर निगम ने ईईएसएल कंपनी को वर्ष 2018 में राजधानी में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने और उसके रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी थी। कंपनी को पूरे शहर में करीब 2,09,957 स्ट्रीट लाइट की देखरेख की जिम्मेदारी दी गयी थी। कंपनी का अनुबंध 31 मई को ही समाप्त हो गया था, लेकिन शासन ने उसे एक महीने का अतिरिक्त समय देते हुए 30 जून तक सेवा विस्तार दिया था। जब कंपनी का कार्यकाल समाप्त होने को था, उस समय शहर में करीब 23,051 स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी थीं। इसके अलावा 10,230 स्ट्रीट लाइट या तो चोरी हो गई थीं या पूरी तरह से गायब थीं। नगर निगम ने पूर्व में इस कम्पनी के कर्मचारियों के स्ट्रीट लाइटें खम्भों से चोरी करते हुए पकड़ा था। मामले में नगर निगम ने कम्पनी के कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। अब नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर कंपनी का अनुबंध पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है। लगातार लापरवाही, खराब प्रदर्शन और शिकायतों के चलते नगर निगम ने अब उसका अनुबंध समाप्त कर दिया है।

अब निगम खुद करेगा देखरेख और नई लाइटों की स्थापना नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्पष्ट किया कि अब किसी नई कंपनी को जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। नगर निगम ने स्वयं ही पूरी व्यवस्था तैयार कर ली है, जिसके तहत पुरानी लाइटों की मरम्मत और नई स्ट्रीट लाइटों को लगाने का काम नगर निगम करेगा।

# अब दिल्ली सरकार लागू करेगी यूपी का मॉडल

## यूपी का आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड सिस्टम दिल्ली सरकार को आया पसन्द

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार का आईजीआरएस(इंटिग्रेटेड ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम) और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम देश भर में मॉडल के रूप में उभर कर सामने आया है। योगी सरकार के आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को बारीकी से समझने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि मंडल इसका अध्ययन करने आ चुके हैं। इसी के तहत दिल्ली सरकार के अधिकारियों का एक दल इसकी बारीकियों को समझा और इसकी सराहना की। अब दिल्ली सरकार ने योगी सरकार के आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को अपने प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है ताकि नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित कर सकें। साथ ही विकास कार्यों के प्रगति और उसकी गुणवत्ता की मॉनीटरिंग कर सकें।

योगी सरकार ने कुछ माह पहले दिल्ली में आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम का प्रेजेंटेशन दिया था। इस दौरान दिल्ली सरकार के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्हे आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जो उन्हे काफी पसंद आयी। उन्होंने योगी सरकार के मॉडल को देखा और इसकी उन्नत तकनीकी कार्यप्रणाली की सराहना की। इसके बाद दिल्ली सरकार के अधिकारियों का एक दल राजधानी लखनऊ आया। दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने दो दिवसीय दौरे के दौरान आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम की बारीकियों को समझा। दल ने प्रणाली के प्रशासनिक और तकनीकी पहलुओं का गहन अध्ययन किया। उन्होंने योगी सरकार के इस सिस्टम को प्रभावी, तकनीकी रूप से उन्नत और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अत्यंत प्रभावी माना। वहीं दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने योगी सरकार के दोनों मॉडल की सफलता को देखते हुए इसे दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया।

**दिल्ली सरकार सिस्टम को लागू करने के लिए सहायता प्रदान करने का किया आग्रह :** दिल्ली सरकार के अधिकारियों के दल के भ्रमण के कुछ दिन बाद दिल्ली सरकार ने योगी सरकार से आग्रह किया है कि वह अपने यहां आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को लागू करना चाहते हैं। ऐसे में योगी सरकार से दिल्ली में आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड सिस्टम को लागू करने में सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आईजीआरएस और विकास कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए सीएम डैशबोर्ड सिस्टम की शुरूआत की थी। यह प्रणाली शिकायतों के निपटारे के लिए ट्रैकिंग, मॉनीटरिंग और फीडबैक का सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करती है। वहीं सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करती है।

# स्वच्छता में लापरवाही, सफाई एजेंसियों पर जुर्माना, जेएडएसओ को नोटिस

## नगर आयुक्त को जोन सात में बेहतर मिला डोर टू डोर कूड़ा उठान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मंगलवार को जोन-7 के कई इलाकों में सफाई व्यवस्था की पड़ताल की। इस दौरान कूड़ा उठान, सड़क सफाई और कर्मचारियों की स्थिति का निरीक्षण किया। कुछ स्थानों पर सफाई संतोषजनक पाई गई, जबकि कुछ क्षेत्रों में सुधार के निर्देश दिए गए। साफ सफाई में लापरवाही बरतने पर कार्यदाई संस्था पर 5 लाख रुपये, इस्माइलगंज में कार्य कर रही कार्यदाई संस्था एमएस संतोष सिंह पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही जोनल सेनेटरी ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

निरीक्षण की शुरूआत लवकुश नगर क्षेत्र से की गई, जहां पड़ाव घर के समीप कुछ मात्रा में कूड़ा जमा पाया गया। नगर आयुक्त ने तत्काल साफ-सफाई कराने एवं नियमित निगरानी के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण में कुछ स्थानों पर सड़क की सफाई अपेक्षा से कम पाई गई। ट्रैफिक अधिक होने के चलते नगर आयुक्त ने सफाई की आवृत्ति बढ़ाने तथा स्थायी निगरानी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। इस्माइलगंज चौकी के निकट निरीक्षण में कूड़े का जमाव मिला। स्थानीय नागरिकों ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठान में अनियमितता की शिकायत की। नगर आयुक्त ने क्षेत्र में त्वरित साफ-सफाई के साथ-साथ कूड़ा उठान की नियमितता के लिए एलएसए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान हॉर्टिकल्चर वेस्ट भी मिला, जिस पर सफाई के आदेश दिए गए। साथ ही, कर्मचारियों की उपस्थिति के सत्यापन के लिए मास्टर रोल का अवलोकन भी किया। सुषमा हॉस्पिटल से हाईकोर्ट होकर कमता चौराहा, सर्विस लेन में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने इन क्षेत्रों में सुबह और शाम की शिफ्ट में समर्पित सफाई स्टाफ की तैनाती के निर्देश दिए। यहां नागरिकों से संवाद में बताया गया कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की गाड़ियां समय से नहीं पहुंच रही हैं। नगर आयुक्त ने एलएसए अधिकारियों को समयबद्ध सेवा सुनिश्चित करने, मॉनिटरिंग व्यवस्था मजबूत करने तथा शिकायत निस्तारण प्रणाली को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

**कमता मुख्य मार्ग पर सफाई व्यवस्था में और मजबूती लाने के निर्देश :** कमता मार्ग पर कुछ स्थानों पर साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। नगर आयुक्त ने जोनल सेनेटरी ऑफिसर को विशेष निरीक्षण करने और क्षेत्र में सफाई अभियान को गति देने के निर्देश जारी किए गए। इस्माइलगंज सेकंड (गहमरकुंज) की स्थिति बेहतर मिली। इस क्षेत्र में निरीक्षण के समय कूड़ा उठान की गाड़ी मौके पर नहीं पाई गई, हालांकि स्थानीय नागरिकों की ओर से जानकारी दी गई कि गाड़ियां समय-समय पर आती हैं। सिल्वर लाइन अपार्टमेंट के आसपास सफाई गाड़ियों की नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यहां सड़क पर कुछ स्थानों पर कूड़ा पाया गया। नागरिकों ने बताया कि डोर-टू-डोर गाड़ियां नियमित नहीं आतीं। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जोनल सेनेटरी ऑफिसर देवेंद्र कुमार वर्मा तथा एलएसए के जोनल अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# एआई से लैस होगा यूपी का सड़क सुरक्षा मॉडल

## भारत सरकार ने यूपी की पहली एआई आधारित सड़क सुरक्षा परियोजना को दी हरी झंडी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बिग डाटा एनालिटिक्स आधारित सड़क सुरक्षा पायलट परियोजना को औपचारिक अनापत्ति (एनओसी) प्रदान कर दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह पहल मोटर यान अधिनियम 1988 व केंद्रीय मोटर यान नियमावली 1989 का पूर्ण पालन करेगी और केंद्र सरकार पर कोई वित्तीय भार नहीं डालेगी।

सरकार की इस पहल को देश का पहला अक्र-संचालित सड़क सुरक्षा परीक्षण माना जा रहा है, जिसे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी व वैश्विक टेक-पार्टनर द्वारा शून्य लागत आधार पर संचालित किया जाएगा। प्रदेश सरकार पहले ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 10 करोड़ रुपये की व्यवस्था कर 'डेटा संचालित प्रशासन मॉडल' की आधारशिला रख चुकी है।

**नागरिकों को मिलेंगी पारदर्शी, तेज और वैज्ञानिक परिवहन सेवाएं**

इस परियोजना का प्रारंभिक प्रूफ ऑफ कांसेप्ट चरण छह सप्ताह का होगा, जिसमें दुर्घटना रिपोर्ट, मौसम, वाहन टेलीमैटिक्स, ड्राइवर प्रोफाइल व सड़क ढाँचे से जुड़े डेटा को एकीकृत कर एआई मॉडल तैयार किए जाएंगे। इसका उद्देश्य दुर्घटना के मूल कारणों की पहचान, ब्लैक स्पॉट की भविष्यवाणी और रीयल-टाइम पॉलिसी डैशबोर्ड तैयार करना है। परियोजना के सफल परीक्षण के बाद इसी एआई इंजन को सभी प्रमुख सेवाओं- फेसलेस लाइसेंस- परमिट प्रणाली, प्रवर्तन आधुनिकीकरण, राजस्व वसूली, ई-चालान व वाहन सारथी प्लेटफॉर्म में चरणबद्ध रूप से विस्तारित किया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश को तकनीकी नवाचार का अग्रणी राज्य बनाया जा सके। इससे नागरिकों को पारदर्शी, तेज और वैज्ञानिक परिवहन सेवाएं मिलेंगी।

पायलट चरण से प्रेरित आंकड़ों और अनुभवों के आधार पर एआई आधारित विश्लेशणिक कोर को विभाग की अन्य डिजिटल सेवाओं में समाहित किया जाएगा। इसे फेसलेस ड्राइविंग लाइसेंस व परमिट प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, जहाँ आवेदन स्वीकृति, प्रिंटिंग की पूरी श्रृंखला स्वचालित निर्णयमॉडल से संचालित होगी। उत्तर प्रदेश को परिवहन तकनीक के क्षेत्र में देश का अग्रदूत बनाने के लक्ष्य को साकार करेगा।

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि कार्यान्वयन के लिए टीम को विभागीय आईटी, प्रवर्तन व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठों के साथ तत्काल कार्य प्रारंभ करने की अनुमति दी गई है। परियोजना पूरी होने पर विस्तृत परिणाम रिपोर्ट मोर्थ को प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही, डेटा गोपनीयता, विधिक अनुपालन और साइबर सुरक्षा मानकों का निरंतर ऑडिट किया जाएगा। इस परियोजना से उम्मीद है कि राज्य में दुर्घटनाओं में ठोस कमी, प्रवर्तन में वैज्ञानिकता और नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता आएगी।



नागपंचमी पर गुड़िया पीटते बच्चे



शिव मंदिर में रुद्राभिषेक करते भक्तगण



नागपंचमी पर दंगल में दांव दिखाते पहलवान

फोटो–समीर भटनागर

# नागपंचमी पर जलाभिषेक के साथ हुई नाग देवता की पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रावण मास की शुक्ल पंचमी को मनाया जाने वाला नागपंचमी पर्व मंगलवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह नागों की पूजा का पर्व है। श्रद्धालुओं ने सुबह शिवालयों में भोलेनाथ की आराधना की और नाग देवता का पूजन किया। पूजन के लिए डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर, चौक के कोनेश्वर मंदिर, ठाकुरगंज के कल्याण गिरी मंदिर, नादान महल रोड स्थित सिद्धनाथ मंदिर, चौपटिया के बड़ा शिवाला, छोटा शिवाला, सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जबरदस्त भीड़ रही। पूजन के बाद सभी ने घरों मे बने व्यंजनों का आनंद उठाया। उदयगंज में चलने वाला पारंपरिक गुड़िया मेला आज से शुरू हुआ। तीन दिनों तक चलने वाला मेले मे सैकड़ों दुकानें व झूले लगे हैं। जिसमें घर गृहस्थी से लेकर बच्चों के खिलौने तक मिल रहे हैं। इस मौके पर राजधानी में कई इलाकों में मेले और भंडारे के आयोजन भी किए गए।

डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर परिसर में नागपंचमी और गुड़िया का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह नाग देवता की पूजा की गई और दोपहर में मंदिर परिसर में गुड्डे गुड़िया का विवाह समारोह हुआ। इसके माध्यम से महंत देव्यागिरि ने बेटियों के संरक्षण का संदेश दिया।

नागपंचमी पर मंदिर परिसर में श्रावणी सामूहिक अभिषेक किया गया। बाबा मनकामेश्वर के अभिषेक पूजन के बाद विश्व शान्ति और राष्ट्र समृद्धि के लिए यज्ञ किया गया। महंत देव्यागिरि ने संदेश दिया कि बेहतर हो कि लोग सपेरों के बच्चों की शिक्षा आदि का दायित्व उठाएं। इससे सपेरों के जीवन में सामाजिक परिवर्तन आएगा और सांप अपने वास्तविक आवासों में स्वतंत्र जीवन जी सकेंगे।

**शहर में जगह-जगह पीटी गयी गुड़िया:** गुड़िया मनाओं के तहत आज शहर भर में गुड़िया का पर्व मनाया गया। नागपंचमी के मौके पर डालीगंज सहित कई जगहों पर गुड़िया पीटने की परम्परा को निभाते हुये बच्चों ने मंगलवार को मस्ती के साथ गुड़िया पीटी। गुड़िया डाली तो बच्चे उनपर पीटने के लिए टूट पड़े। गुड़िया पीटने के साथ ही कोरोना को भी बच्चों ने जमकर पीटा। इससे पहले सुबह मुहूर्त के अनुसार नागपंचमी की पूजा घरों में की।

**महंत ने गुड़िया पूजन के साथ की नाग देवता की पूजा:** डालीगंज स्थित प्रचीन श्रीमनकामेश्वर मंदिर में नन्हीं कन्या और कपड़े की बनी गुड़ियों का पूजन हुआ। साकार और निराकार नागों का पूजन किया गया। महंत देव्यागिरी जी महाराज ने कन्याओं का पूजन और नाग के जोड़े का दूध भी पिलाया। मंदिर के सेवादार महिलाओं ने सावन के गीत गाये।

वहीं मंदिर में शाम को नागों से भगवान शिव का श्रृंगार भी किया गया। डालीगंज के प्राचीन शिवाला में सुबह श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने सुबह भगवान भोलेनाथ का जल से अभिषेक कर पूजन किया। उसके बाद मंदिर में नागों के जोड़े को दूध पिलाया। दोपहर बाद महंत देव्यागिरी जी महाराज ने 9 छोटी कन्यओं को पूजन किया । पूजन के बाद उन्हें दुपट्टा, डंडी और मिठाई दी गई। इस अवसर पर किरन कपूर, ऊषा, पूजा ने सावन के गीत गाए और नृत्य किया ।शाम को आरती के समय भगवान का नागों से श्रृंगार किया गया।

**मंदिरों में हुई विशेष पूजा:** नागपंचमी के अवसर पर गुड़िया पीटने की भी परंपरा है। इसी के तहत लोगों ने घरों में पुराने कपड़ों से गुड़िया बनाई। जिसे घरों के बाहर बच्चों ने पीटा। वहीं, नागपंचमी को लेकर मनकामेश्वर मठ मंदिर, कोनेश्वर महादेव मंदिर, द्वादश ज्योतिर्लिंग, महाकाल मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रावणी माह में नागपंचमी और गुड़िया का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह नाग देवता की पूजा की गई। इस दौरान मंदिरों में भक्तों की लंबी भीड़ रही। वहीं, मंदिरों के बाहर सपेरे नाग लिए खड़े रहे। जिसकी लोगों ने पूजा की। नागपंचमी पर मंदिर परिसर में श्रावणी सामूहिक अभिषेक किया गया। बाबा मनकामेश्वर के अभिषेक पूजन के बाद विश्व शांति और राष्ट्र समृद्धि के लिए यज्ञ किया गया। श्रीमहंत देव्यागिरि ने बताया कि हिंदू धर्म में सांपों का विशेष स्थान है। वहीं, घरों में भी लोगों ने पूजा की और मंगल कामना मांगी।

**चौक में दंगल, पहलवानों ने लगाये दांव:** चौक क्षेत्र के बाग महानारायण में मंगलवार को नाग पंचमी के मौके पर एक अनोखा दंगल देखने को मिला। गोमती पहलवान अखाड़े के 56वें वार्षिक महोत्सव के अवसर पर हुए इस सांप्रदायिक सौहार्द दंगल में पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने से पहले जय बजरंगबली और या अली का उद्घोष किया।

दंगल में पारंपरिक मिट्टी के मुकाबलों के साथ-साथ सुंदरकांड पाठ भी आयोजित हुआ। उपस्थित दर्शक कमर ढाक, धोबी पाट और चपरास जैसे पुराने देसी दांव देखकर रोमांचित हो उठे। ओलिंपिक संघ कोषाध्यक्ष व राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. सैयद रफ्त जुबेर रिजवी ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ किया। आयोजन के सूत्रधार पार्षद अनुराग मिश्रा ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य पारंपरिक कुश्ती को जीवित रखना और युवाओं को खेल से जोड़ना है। कुल 62 पहलवानों ने भाग लिया, जिनमें चौक, बालागंज, काकोरी, मड़ियांव जैसे क्षेत्रों के खिलाड़ी शामिल थे। विजेताओं को ?1100 और उपविजेताओं को ?500 का नकद इनाम दिया गया। मुकाबलों में पंडित नागेश्वर अवस्थी, गुरु ओंकार सिंह, बलदेव राज चोपड़ा व अन्य वरिष्ठ उस्तादों के नाम पर ट्रॉफी वितरित की गई। इस अवसर पर अनेक सामाजिक संगठनों, वरिष्ठ पहलवानों और खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। गोपाल साहू, एनके शर्मा, सुनीत कपूर समेत कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल एक खेल नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है, जो लोगों को एकता और परंपरा से जोड़ता है।

**मिट्टी में लड़े महारथी, ताल ठोक पहलवानों ने दिखाया दम:** नागपंचमी के पावन अवसर पर सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सरसवां गांव में आयोजित ऐतिहासिक दंगल में पहलवानों ने जोर आजमाइश कर मल्लयुद्ध की परंपरा को जीवंत किया। इस दंगल की परंपरा करीब 70 वर्षों से चली आ रही है। मंगलवार को हुए इस आयोजन में गोरखपुर, बनारस, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली सहित कई जिलों से आए पहलवानों ने अखाड़े में शानदार प्रदर्शन किया।

सौरभ (गोरखपुर) ने उन्नाव के दिलीप को और कानपुर के पंकज ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित कर विजय का परचम लहराया। कुश्ती के हर मुकाबले में दर्शकों की तालियों और जयकारों से माहौल गूंज उठा। दंगल के विजेताओं को ठाकुर उदय सिंह चौहान द्वारा नकद पुरस्कार और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जवाहर सिंह, पन्ना सिंह, अभिमन्यु सिंह, राकेश सिंह जैसे क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तित्वों सहित सैकड़ों की संख्या में कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे। दंगल के आयोजन ने गांव को एक बार फिर सांस्कृतिक उत्सव में बदल दिया।

## सुहागिनों ने सुख-समृद्धि के लिए रखा मंगला-गौरी व्रत



**लखनऊ।** पति व बच्चों की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने सावन माह के चौथे मंगला गौरी व्रत की विशेष पूजा-अर्चना की और मंगला गौरी का व्रत रखा। ऐसी मान्यता है कि मंगला गौरी का व्रत रखने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

सुहागिनों ने जहां परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा। वहीं कुंवारियों ने मनपसंद पति पाने के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि बूढ़ेश्वर मंदिर में सावन माह के सोमवार को जहां सैकड़ों श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वहीं मंगलवार को मंगला गौरी का व्रत रखने वाली महिलाएं अपने घर में भगवान गणेश, शिवजी और मां गौरी की पूजा.अर्चना करती हैं और मंदिर में दर्शन करने आती हैं। सावन के पहले मंगलवार को महिलाएं मनकामेश्वर मंदिर सहित शहर के सभी शिव मंदिरों में पहुंची और गणेशजी को स्नान कराकर जनेऊ अर्पित किया। धूप, दीप प्रज्ज्वलित कर भोग लगाया। इसके बाद मां गौरी की आराधना करके सुहाग सामग्री अर्पित की। साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शिवजी को बेल पत्र व पंचामृत से अभिषेक करके ओम नमः शिवाय का जाप किया और मन ही मन 7 बार मनोकामना मांगी। श्रावण मास में प्रत्येक मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि श्रावण मास में मंगलवार को आने वाले सभी व्रत-उपवास सुख.सौभाग्य में वृद्धि करते हैं। मंगला गौरी व्रत के प्रभाव से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन माता मंगला गौरी का पूजन कर कथा का श्रवण करना चाहिए। सुहागिन महिलाओं को सोलह सोमवार के साथ मंगला गौरी व्रत अवश्य रखना चाहिए। यह व्रत प्रारंभ करने के पश्चात लगातार पांच वर्षों तक इस व्रत को रखा जाता है। श्रावण माह में ही इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। यह व्रत पति और संतान की लंबी आयु के लिए किया जाता है। सौभाग्य से जुड़ा होने के कारण इस व्रत को विवाहित स्त्रियां और नवविवाहिताएं करती हैं।

## बुद्धेश्वर मंदिर में आज होगा बाबा का विशेष श्रृंगार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। सावन के तीसरे बुधवार को बुद्धेश्वर महादेव मंदिर आज भक्त जुटेंगे। मंदिर में सुबह पांच बजे से दर्शन किए जा सकेंगे। शिवभक्त मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। मंदिर कमिटी के सदस्य रामशंकर राजपूत ने बताया कि बुद्धेश्वर श्रृंगार समूह द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा।

बुद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंध समिति की संरक्षक और महंत ने बताया कि मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे खुल जाएंगे और महाआरती भोर छह बजे होगी, दोपहर बारह बजे भोग लगेगा। इसके बाद भक्तों के लिए कपाट फिर से खोल दिए जाएंगे। वहीं, शाम को साढे छह बजे 51 मुखी महाआरती होगी। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि भगवान राम के काल में इस मंदिर की स्थापना की गई थी। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण ने की थी। आमतौर पर शिव मंदिरों में सोमवार को भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। लेकिन बुधेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को शिवजी की पूजा का विधान है। इस दिन इस मंदिर में शिवजी की पूजा के लिए बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। यहां भगवान शिव ने लक्ष्मण के सारे संदेह दूर करते हुए माता सीता के विराट स्वरूप के दर्शन करवाए।

**बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार नहीं बुधवार को होती है शिव पूजा:** देशभर के मंदिरों में भगवान महादेव की विशेष पूजा सोमवार को होती हैं। लेकिन लखनऊ का बुद्धेश्वर मंदिर एक मात्र ऐसा मंदिर हैं जहाँ पर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक तथा महाआरती बुधवार को होती हैं। इतना ही नहीं यहाँ पर श्रावण माह में भी बुधवार को ही भगवान शिव की पूजा होती हैं और श्रावण माह में आने वाले हर बुधवार को बुद्धेश्वर मंदिर में भव्य मेला लगता हैं। लखनऊ का बुद्धेश्वर महादेव मंदिर भारत का सम्भवतः पहला ऐसा शिव मंदिर होगा जहाँ भगवान शिव की विशेष पूजा बुधवार को की जाती हैं। बुधवार को पूजा करने को लेकर भी यहाँ इतिहास जुड़ा हुआ हैं। बताया जाता हैं कि त्रेतायुग में जब लक्ष्मण भगवान राम और सीता को जब चित्रकूट छोड़ने जा रहे थे तब यहाँ से गुजरते समय उन्होंने भगवान शिव का मंदिर देखा और पूजा करने का मन बनाया। भगवान राम ने शिवजी की विशेष पूजा की थी। उस दिन वार बुधवार था। तब से यहाँ पर बुधवार को शिव पूजा करने की परम्परा शुरू हुई।





## बराबरी और अच्छाई की सीख देती है 'तन्वी द ग्रेट'



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 'कोई किसी को सपने देखने से कैसे रोक सकता है?' यह डायलॉग है, जाने-माने अभिनेता अनुपम खेर की ताजातरीन फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का। असल जिंदगी में भी वह 'कुछ भी हो सकता है' और 'आपके बारे में सबसे बेहतरीन चीज आप खुद हैं' जैसे प्रेरक फलसफे पर यकीन करते हैं। अनुपम खेर की इस फिल्म का सार भी यही है कि 'हर इंसान अलग' है और यही उसकी खूबी है। दुनिया की नजर में बेहद कमजोर दिखने वाला इंसान भी ठान ले तो बड़े से बड़ा सपना पूरा कर सकता है। ये फिल्म बराबरी और अच्छाई की सीख देती यह फिल्म एक बार देखी जा सकती है।

अनुपम खेर इस फिल्म से दो दशक बाद निर्देशन में उतरे हैं। वह इसके सह-लेखक भी हैं। फिल्म उनके लिए इस मायने में भी खास है कि कहानी की प्रेरणा उनकी खुद की ऑटिस्टिक भांजी तन्वी है। सैन्य ट्रेनिंग के लिए मशहूर उत्तराखंड के लैंसडाउन में सेट यह कहानी है, एक स्पेशल चाइल्ड तन्वी (शुभांगी दत्त) की, जो दिल्ली में अपनी मां डॉक्टर विद्या रैना (पल्लवी जोशी) के साथ रहती है। तन्वी को ऑटिज्म है, जिस कारण वह दूसरों से अलग है।

अपने पिता कैप्टन समर रैना (करण टैकर) को वह बचपन में ही खो चुकी है। ऐसे में, जब उसकी मां विद्या को एक समिट के लिए यूएस जाना पड़ता है, तो तन्वी को अपने दादा कर्नल प्रताप रैना (अनुपम खेर) के पास लैंसडाउन आना पड़ता है ।एक अनुशासित जिंदगी जीने वाले कर्नल रैना के लिए ऑटिस्टिक तन्वी के अलहदा व्यक्तित्व से तालमेल बिठाना आसान नहीं होता। कई बार उनके बीच तकरार और बहसबाजी भी होती है।

खासकर तब, जब तन्वी अपने शहीद पिता का सियाचिन की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने के अधूरे सपने को पूरा करने और सेना में जाने की जिद ठान लेती है। फिल्म की कहानी निश्चित तौर पर प्रेरक है, जो किसी को भी कमतर न समझने की सीख देती है। यह पॉजिटिविटी, अच्छाई और दूसरों की खूबियां देखने की पैरवी करती है। फर्स्ट हाफ में स्क्रीनप्ले भी अच्छा बन पड़ा है। एकाकी जीवन जी रहे रिटायर फौजी दादा के जीवन में तन्वी की मासूमियत और जिद कैसे नए रंग भरती है, यह देखना सुहाता है।

कई हल्के-फुल्के पल भी हैं, जो चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, मगर सेकंड हाफ में कहानी की रफ्तार सुस्त और पकड़ कमजोर पड़ जाती है ।एक समय के बाद तन्वी का हीरोइज्म सहज और विश्वसनीय नहीं, बल्कि अतिश्योक्ति लगता है। विद्या का ऑटिज्म समिट वाला ट्रैक फ्लो को तोड़ता है, वहीं फिल्म की लंबाई भी खलती है। हालांकि, अदाकारी की बात करें तो शुभांगी इस फिल्म की खोज कही जाएंगी।

अपनी पहली ही फिल्म में एक ऑटिस्टिक लड़की की चुनौतीपूर्ण भूमिका में उन्होंने आत्मविश्वास भरी एक्टिंग की है। तन्वी की सहजता और मासूमियत को उन्होंने बखूबी पर्दे पर उतारा है। अनुपम खेर ने हमेशा की तरह मंझी हुई एक्टिंग की है। कर्नल रैना के किरदार में वह जमे हैं ।ब्रिगेडियर जोशी के रूप में जैकी श्रॉफ, मेजर श्रीनिवासन के रोल में अरविंद स्वामी, रजा साहब बने बोमन ईरानी भी अपनी-अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय करते हैं और फिल्म को जरूरी सपोर्ट देते हैं। जबकि, करण टैकर और पल्लवी जोशी कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ते।

- **ऐक्टर: अनुपम खेर, शुभांगी दत्त, जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी**
- **डायरेक्टर : अनुपम खेर**

**रेटिंग-3/5**

## सावन में खेसारी लाल यादव के कांवड़ गीत ने मचायी धूम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खेसारी लाल यादव भोजपुरी के एक ऐसे कलाकार हैं, जो कोई भी मौका भुनाने का मौका नहीं छोड़ते। फिर चाहे कोऊ त्योहार हो या फिर इवेंट। सावन का महीना चल रहा है और भगवान शिव के गीतों की धूम है। ऐसे में खेसारी लाल यादव भक्तों के लिए भोजपुरी का कांवड़ गीत लेकर आए हैं। इसे यूट्यूब पर खूब देखा जा रहा है।

खेसारी लाल यादव के इस कांवड़ गीत के बोल हैं 'पूरा दुनिया के बॉस', जिसे खबर लिखे जाने तक यूट्यूब पर 54 लाख से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है। इस गाने को 14 जुलाई को यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया। साथ में लिखा है, 'आ गइल बा धमाका लेके ! अब हर कोना बोलेगाझई बा असली बॉस। सुनीं, शेयर करीं आ मजा लूटीं !गाने को देखकर ताबड़तोड़ कमेंट्स कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, 'छा गए गुरु, जय शिव।' एक और कमेंट है, 'इस सावन में आग लगा दो भाई।' एक ने लिखा, 'जियो शेर, हिट है बॉस।' एक बोला, 'खेसारी भोजपुरी के बॉस।' एक का कमेंट है, 'घर का खाना और खेसारी का गाना, सीधे दिल पर लगता है बॉस।''दुनिया के बॉस' को खेसारी लाल यादव और राज नंदिनी सिंह ने गाया है। इसके लिरिक्स कृष्ण बेदर्दी ने लिखे हैं, और म्यूजिक आर्य शर्मा ने दिया है। इस गाने में खेसारी लाल यादव, भगवान शिव के भक्त बने हैं और बता रहे हैं कि कैसे वह दुनिया के बॉस हैं, और उनके आगे किसी की नहीं चलती। खेसारी ने अपना एक और भोजपुरी गाना रिलीज किया 'ड्राइवर अभी नया बा', और वह भी यूट्यूब पर छाया हुआ है।

## द मानसून कॉर्निवल में नृत्य और गायन ने समां बांधा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** द मानसून कार्निवल 2025 प्रगति इवेंट, लखनऊ विकास प्राधिकरण और जेटेक कंपनी द्वारा लखनऊ के गौतम बुद्ध पार्क में 18 जुलाई से 17 अगस्त 2025 आयोजित किया गया है। सांस्कृतिक मस्ती, खाने पीने के लिए फूड स्टॉल पार्क में वोटिंग सहित बच्चों के मनोरंजन और खेल के लिए बहुत कुछ साधन उपलब्ध है।

गौतम बुद्ध पार्क में हमारे पारंपरिक खेल जैसे गिल्ली डंडा, कांचा, कबड्डी, खो-खो को कलाकृतियों के माध्यम से पुनः जीवित करने का प्रयास किया गया है। प्रगति इवेंट का भी उद्देश्य पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विलुप्त होती लोक कला, लोक संस्कृति और परंपरागत विरासत को बचाने का रहता है। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच पर आज नृत्य और गायन का जबरदस्त तड़का लगा। संस्थाओं द्वारा जबरदस्त परफॉर्मेंस से उपस्थित जनता नाचने और झूमने पर मजबूर हो गई। हार्षली मौर्य, हरिका बिष्ट, शुभम गौतम, और प्रियंका दीक्षित ने जबरदस्त प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने सभी कलाकारों को मोमेंटम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस एलएचबी रैक से चलेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 12092/12091 काठगोदाम-देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस को 16 अगस्त से कन्वेंशनल कोच के स्थान पर अत्याधुनिक एल.एच.बी. कोच के रेक से निम्नवत चलाया जायेगा। अत्याधुनिक एल.एच.बी. रेक से चलाये जाने के फलस्वरूप संशोधित रेक संरचना के अनुसार काठगोदाम एवं देहरादून से 16 अगस्त से चलने वाली 12092/12091 काठगोदाम-देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान के 10 तथा वातानुकूलित कुसीर्यान के 03 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

## परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** परीक्षा अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा 05084 सीवान-मुजफ्फरपुर परीक्षा अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन सीवान से 30 जुलाई एवं 03 अगस्त को दो फेरों के लिये किया जायेगा। 05084 सीवान-मुजफ्फरपुर परीक्षा अनारक्षित विशेष गाड़ी 30 जुलाई एवं 03 अगस्त को सीवान से 16.00 बजे प्रस्थान कर पचरुखी से 16.14 बजे, दुरौंधा से 16.25 बजे, चैनवा से 16.37 बजे, एकमा से 16.49 बजे, दाउदपुर से 17.01 बजे, कोपासम्होता से 17.13 बजे, टेकनिवास से 17.27 बजे, छपरा से 18.00 बजे, छपरा कचहरी से 18.10 बजे, दिघवारा से 18.40 बजे, सोनपुर से 19.02 बजे, हाजीपुर से 19.15 बजे, भगवानपुर से 19.32 बजे तथा गोरौल से 19.44 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 21.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 10 एवं एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 12 कोच लगाये जायेंगे।

## रक्सौल-उधना एक्सप्रेस के फेरे बढ़े

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 05559/05560 रक्सौल-उधना-रक्सौल साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि में विस्तार किया गया है। ये गाड़िया अपने निर्धारित ठहराव, समय एवं मार्ग पर चलाई जायेगी।

05559 रक्सौल-उधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 02 अगस्त से 27 सितम्बर तक 17 फेरों के लिए किया जायेगा। 05560 उधना-रक्सौल साप्ताहिक विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 03 अगस्त से 28 सितम्बर तक 17 फेरों के लिए किया जायेगा। इस गाड़ी के रेक संरचना में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, जनरेटर सह लगेजयान का 01, सामान्य श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# खलीलाबाद रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



- 9.82 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा पुनर्विकसित

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोंडा मुख्य रेल मार्ग पर स्थित खलीलाबाद रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 09.82 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। खलीलाबाद स्टेशन सीधी ट्रेन सुविधा से दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, चण्डीगढ़, वाराणसी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, आसनसोल, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, अमृतसर, पुणे, भोपाल, रायपुर, अहमदाबाद, राँची, जयपुर, उदयपुर, पटना, मथुरा, गुवाहाटी, जम्मूतवी आदि नगरों से जुड़ा है।

आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत खलीलाबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म का विस्तार एवं उच्चीकरण, वेटिंग हॉल/वी.आई.पी. लाउन्ज तथा 07 अदद प्रसाधन के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। 300 वर्ग मीटर में स्टेशन भवन का नवीनीकरण एवं 158.24 वर्ग मीटर में नये स्टेशन भवन का निर्माण पूर्ण हो गया है। यात्रियों को धूप एवं वर्षा से बचाव हेतु प्लेटफॉर्मों पर 10-बे के यात्री छाजन का प्रावधान किया गया है। फसाड एवं 762 वर्ग मीटर में सकुर्लेटिंग एरिया का कार्य प्रगति पर है। एन.एस.जी.-3 श्रेणी के इस स्टेशन पर वर्तमान में यात्रियों की सुविधा हेतु जनसम्बोधन प्रणाली, साइनेज, मानक के अनुरूप रैम्प, टिकट बूथ, हेल्प बूथ, दिव्यांगजन पार्किंग, प्रसाधन एवं वाटर बूथ, ए.टी.वी.एम., वाटर कूलर/आर.ओ., वाटर वेंडिंग मशीन, व्हील चेयर, अग्निशामक उपकरण, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, सी.सी.टी.वी. कैमरा, एक स्टेशन एक उत्पाद काउंटर, पर्यटक सुविधा काउंटर तथा फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.)/रैम्प सहित सब-वे/लिफ्ट उपलब्ध हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत खलीलाबाद स्टेशन के स्टेशन भवन को आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है तथा आधुनिक सुख-सुविधाओं का विकास एवं विस्तार किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत स्टेशन के एप्रोच रोड एवं सकुर्लेटिंग एरिया में सुधार का कार्य किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिये 06 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का कार्य पूरा हो चुका है। स्टेशन पर अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप साइनेज लगाये जायेंगे। स्टेशन भवन को आकर्षक फसाड लाइटिंग से सुसज्जित किया जायेगा। इन कार्यों के पूरा होने से यहाँ आने वाले यात्रियों को विशेष एहसास होगा और बेहतर यात्रा सुविधा का लाभ मिलेगा।

# योगी के निर्देश पर पिछड़े वर्ग के छात्रों को बड़ी सौगात

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और ठोस कदम उठाया है। प्रदेश के 09 जिलों में स्थित छात्रावासों की सुविधाएं अब और बेहतर की जाएंगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुरक्षण योजना के अंतर्गत करीब 05 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शासन ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। इससे प्रयागराज, बहराइच, गोंडा समेत तमाम जिलों में छात्रावासों की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

इस योजना के तहत लखनऊ, प्रयागराज, बहराइच, गोंडा, महोबा, हमीरपुर, मुरादाबाद, मेरठ, संत रविदास नगर के छात्रावासों का रखरखाव किया जाएगा। इन जिलों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले पिछड़े वर्ग के छात्रों को इससे सीधा लाभ मिलेगा।

इस अनुरक्षण कार्य में भवनों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, विद्युत व पेयजल व्यवस्था जैसी आवश्यक सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर पर एक विशेष समिति गठित की जाएगी, जो सभी कार्यों की निगरानी करेगी। इसके अलावा, काम पूरा होने के बाद भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। शासन का स्पष्ट निर्देश है कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। स्थानीय स्तर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और संबंधित संस्थानों के प्रबंधक या प्रधानाचार्य पर्यवेक्षण करेंगे।

# आईआरसीटीसी पर्यटकों को करायेगा अमेजिंग थाईलैंड टूर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी), लखनऊ कार्यालय द्वारा एक आकर्षक अंतर्राष्ट्रीय टूर थाईलैंड कॉलिंग की घोषणा की गई है। यह विशेष टूर 29 अगस्त से 3 सितंबर तक सक्रिय रहेगा, जिसमें यात्रियों को पटाया और बैंकॉक की 6 दिवसीय विदेशी यात्रा कराई जाएगी।

टूर की विशेषताओं में इस टूर में यात्रियों को एयर एशिया की डायरेक्ट फ्लाइट से यात्रा, चार सितारा होटल में ठहराव, भारतीय भोजन (5 ब्रेकफास्ट, 5 लंच, 4 डिनर), ट्रैवल इंश्योरेंस, गाइड सुविधा सहित कई प्रमुख दर्शनीय स्थलों जैसे टाइगर पार्क, कोरल आइलैंड, अल्काजार शो, बैंकॉक मंदिर दर्शन, चाओ फ्राया क्रूज डिनर, सफारी वर्ल्ड, सी लाइफ ओशियन वर्ल्ड व जेम्स गैलरी का भ्रमण कराया जाएगा। एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 73300 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 62800 रुपये, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 61600 रुपये, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 59300 रुपये बेड सहित एवं मूल्य 50000 रुपये बिना बेड के होगा। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.irctctourism.com पर भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये 9236367954/8287930922 मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है।

## चेकिंग अभियान में पकड़े गये 1335 बेटिकट यात्री

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ रेल राजस्व की क्षति रोकने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाप्रबन्धक सौम्या माथुर के निर्देश पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल के आदेशानुसार वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धकों के नेतृत्व में 17 से 28 जुलाई तक गोरखपुर से बेल्थरा रोड, गोरखपुर से गोण्डा, गोरखपुर से सिसवा बाजार, गोरखपुर से सीवान एवं गोरखपुर से बस्ती रेल खंड में वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया, जिसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जॉच की गयी, जिसके फलस्वरूप कुल 1335 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामले पकड़े गये, जिनसे कुल रूपया 9,16,145/-(नौ लाख सोलह हजार एक सौ पैंतालीस रुपए) के रेल राजस्व की वसूली की गयी। यात्रियों की सुविधा एवं रेल राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के प्रत्येक मंडल पर प्रत्येक माह स्पॉट चेक, एम्बुश चेक, किलाबंदी चेक आयोजित किये जाते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर मंडलों, स्टेशनों एवं गाड़ियों में आगे भी बिना टिकट यात्रा, बिना बुक किये गये सामानों की जांच, अनियमित यात्रा आदि विशेष टिकट जांच अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## रोटरी क्लब ने आई-ब्रेस्ट स्क्रीनिंग मशीन भेंट की



**लखनऊ।** रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांसगोमती ने आज अध्यक्ष रोटेरियन पूर्वी मित्तल के नेतृत्व में लोक बंधु अस्पताल, लखनऊ को एक अत्याधुनिक आई-ब्रेस्ट स्क्रीनिंग मशीन (मैमोग्राफी मशीन) दान की है। इस मशीन की कीमत 8.5 लाख है, जिसे क्लब के सदस्यों के सहयोग से खरीदा गया। यह आधुनिक मशीन रेडिएशन-फ्री और ऑपरेट करने में आसान है, जो महिलाओं में स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने में सहायक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रश्मि सिंह, आईएएस (मुख्य सचिव मनोज सिंह की पत्नी) उपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब लखनऊ ट्रांसगोमती जनकल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु अपने प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में लोक बंधु अस्पताल की निदेशक संगीता गुप्ता, क्लब के सचिव विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष इला गम्भीर, सुधीर एस. हलवासिया (कार्यकारी निदेशक), पूर्व अध्यक्ष पंकज मित्तल, तथा क्लब के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## एकेटीयू में बीटेक में प्रवेश के लिए सीट अलॉटमेंट 30 को

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में केंद्रीय प्रवेश समिति की बैठक हुई। बैठक में बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीट अलॉटमेंट का अनुमोदन दिया गया। सीट अलॉटमेंट 30 जुलाई से किया जाएगा। करीब 42 हजार अभ्यर्थियों ने सीट लॉक किया है। इसके अलावा एमबीए एमसीए लैटरल एंट्री में प्रवेश के लिए पंजीकरण 5 अगस्त तक किया जा सकेगा। बैठक में प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार, कार्यवाहक कुलसचिव केशव सिंह, प्रवेश समन्वयक प्रो. ओपी सिंह, प्रो एसपी शुक्ला, डॉ. पुष्कर त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. आयुष श्रीवास्तव, अभिषेक नागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ताइक्वाण्डो में छात्रों ने 19 पदक जीते

**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने सीआईएससीई जोनल ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में 9 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल एवं 7 ब्रांज मेडल समेत कुल 19 पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस चैम्पियनशिप के अन्तर्गत अण्डर-14 कैटेगरी में यशवर्धन सिंह एवं प्रियांशु कुमार ने गोल्ड मेडल जीता है जबकि अनिरुद्ध त्रिपाठी, आराध्या गुप्ता एवं निष्ठा शुक्ला ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया है। इसी प्रकार, अण्डर-17 कैटेगरी में मानस श्रीवास्तव, कार्तिक जायसवाल, सक्षम द्विवेदी एवं अक्षरा पाण्डेय ने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है जबकि प्रणति मिश्रा, अक्षय सिंह एवं आध्या आर्या ने सिल्वर मेडल जबकि मान्यता कश्यप, कार्तिक गुप्ता, आराध्या मिश्रा एवं भविष्य ने ब्रांज मेडल जीता है। अण्डर-19 कैटेगरी में आरव वत्स, युग अग्रवाल एवं साइना श्रीवास्तव ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने विद्यालय के इन होनहार बाल खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लोधी समाज को आगे बढ़ाने का करेंगे कार्य

## युवा लोधी महासभा के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** युवा लोधी महासभा के तत्वावधान में गिरिराज कैफे बैंकट हॉल रेस्टोरेंट पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय एवं सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रेखा वर्मा ने की एवं संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सपा के प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी ने किया।

सपा के नेताओं ने कहा कि हम लोधी समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। लोधी समाज को एकजुट होकर बूथों को मजबूत करके सपा की सरकार बनाने का आवाह्न किया और साथ ही कहा कि सपा लोधी समाज के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। वक्ताओं ने कहा कि लोधी समाज 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, जिला अध्यक्ष जयसिंह जयंत, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, वरिष्ठ नेता भरत यादव, जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव, गुड्डू लोधी, ललिता लोधी, दिनेश लोधी एवं सूरज लोधी के साथ सैकड़ों लोधी समाज के लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्रों ने कला से व्यक्त किये शिक्षा के नवविचार

## एनईपी सारथी टीम, बीबीएयू द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर एनईपी सारथी टीम, बीबीएयू की ओर से एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य तौर पर एनईपी 2020 इंप्लीमेंटेशन कमेटी, बीबीएयू की चेयरपर्सन प्रो. संगीता सक्सेना एवं निर्णायक के तौर पर प्रो. डीआर मोदी और डॉ. मोनिका शर्मा उपस्थित रहीं।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित विभिन्न पहलुओं को अपनी कला के माध्यम से रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। उनकी पेंटिंग्स में शिक्षा की गुणवत्ता, समावेशी शिक्षा, कौशल विकास, मातृभाषा में शिक्षा, डिजिटल शिक्षा और बहु-विषयक शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

एनईपी 2020 इम्प्लीमेंटेशन कमेटी, बीबीएयू की चेयरपर्सन प्रो. संगीता सक्सेना ने प्रतियोगिता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली को नवाचार और समावेशिता की दिशा में अग्रसर करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, और छात्रों द्वारा कला के माध्यम से इसे व्यक्त करना एक सराहनीय प्रयास है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि विषय की समझ और उसकी प्रस्तुति, सृजनात्मकता व मौलिकता, कलात्मकता एवं सामाजिक और शैक्षिक संदर्भ में प्रभाव आदि मापदंडों के आधार पर प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान बीबीएयू की एनईपी सारथी टीम के सदस्य वर्षा, विश्वजीत, सहित कई प्रतिभागी, छात्र-छात्राएं एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# 6 माह में ही हुए 48,822 नए श्रमिकों का पंजीकरण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- योगी सरकार में श्रमिकों के जीवन में आ रहा बदलाव, श्रम विभाग में कई योजनाओं को धरातल पर उतार कर दिया श्रमिकों को लाभ

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में जो दृष्टिकोण अपनाया है, वह अब श्रमिकों के जीवन में बदलाव का उदाहरण बन चुका है। श्रम विभाग और भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के आंकड़ों पर नजर डालें तो साफ पता चलता है कि योगी सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतार कर बदलाव लाने की कोशिश भी करती है। पंजीकरण के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025-26 के शुरूआती दौर में ही 48,822 नए श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल में भी योजनाओं की निरंतरता और नवाचार को सुनिश्चित किया है। योगी सरकार ने श्रमिकों की सुविधा को और मजबूत करने के लिए कई प्रस्तावित योजनाओं की घोषणा की है। जुलाई माह के बीच ही अगर बात की जाये तो इसमें करीब 25,720 महिला श्रमिक शामिल हैं। 2024-25 में यह संख्या 1,86,380 थी, जिसमें 89,441 महिला श्रमिक थीं। बोर्ड के गठन के बाद से अब तक कुल 1.84 करोड़ से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है, जिनमें 63 लाख से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इस बोर्ड में बेल्डिंग का कार्य, बढ़ई का कार्य, कुआं खोदना, रोलर चलाना, छप्पर डालने का कार्य, राजमिस्त्री का कार्य, प्लम्बरिंग, लोहार, मोजैक पॉलिश, सड़क बनाना, मिक्सर चलाने का कार्य, पुताई, इलेक्ट्रिक वर्क, हथौड़ा चलाने का कार्य, सुरंग निर्माण, टाइल्स लगाने का कार्य, कुएं से तलछट हटाने का कार्य, चट्टान तोड़ने का कार्य या खनिकर्म स्प्रे वर्क या मिक्सिंग (सड़क निर्माण), मार्बल एवं स्टोन वर्क, चौकीदारी-निर्माण स्थल पर सुरक्षा, पत्थर तोड़ने व पीसने का कार्य निर्माण स्थल पर लिपिकीय व लेखा कार्य सीमेन्ट, कंकरीट, ईंट ढोने का कार्य, बांध, पुल निर्माण कार्य व अन्य तरह के मजदूरी करने वालों को श्रमिकों की श्रेणी में रखा जाता है। योगी सरकार ने श्रमिकों की सुविधा को और सुदृढ़ करने के लिए कई प्रस्तावित योजनाओं की घोषणा की है। इनमें प्रमुख है डॉ. भीमराव अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र, जो 17 नगर निकायों और नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे। ये केंद्र शौचालय, पंजीकरण, योजनाओं की जानकारी और डिजिटल सेवाओं से सुसज्जित होंगे।

इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा श्रमिक सराय योजना के तहत प्रवासी निर्माण श्रमिकों को शहरों में सुरक्षित हॉस्टल, स्नानागार, शौचालय और ब्लॉक रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। योगी सरकार ने श्रमिकों की तस्वीर बदलने में महती भूमिका अदा की। उनमें सबसे बड़ी भूमिका श्रमिकों के जीवन में लाए गए बदलावों की रही है। उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के आंकड़ों के अनुसारए वर्ष 2024-25 के दौरान 5,57,567 श्रमिकों को बोर्ड की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला, जिस पर 710.96 करोड़ खर्च किए गए। वहीं 2025-26 में अब तक 10,221 श्रमिकों को बोर्ड की योजनाओं का लाभ मिल चुका है, जिस पर योगी सरकार ने 42.46 करोड़ व्यय किए हैं। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के जरिए महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं। जिससे यूपी में महिलाओं की स्थिति पहले से 2017 के मुकाबले बेहतर हुई है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो साफ पता चलता है कि योगी सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतार कर बदलाव सुनिश्चित कर रही है। इस आर्थिक व्यवस्था के केंद्र में शिक्षा, मातृत्व, विवाह, चिकित्सा और आवास जैसी योजनाएं शामिल हैं जो सीधे श्रमिकों की जरूरतों से जुड़ी हैं और उन्हें इसका सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।

# डायरिया जीवन को प्रभावित करता है : प्रो. मनुका खन्ना

## लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वर्ल्ड ओआरएस डे के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने विभिन्न कार्यक्रमो और प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. एनबी सिंह, चीफ मेडिकल ऑफिसर, लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय कुमार सिंह, सुपरिटेंडेंट ऑफ सीएचसी, अलीगंज उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. आरके सिंह, निदेशक द्वितीय परिसर, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं प्रो. एके सिंह, संकायाध्यक्ष, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं अन्य अतिथियों ने प्रतिभाग किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति ने आशा एवं एएनएम बहनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि डायरिया जीवन को प्रभावित करता है इसलिए इसके कम्पोजीशन के बारे में जानकारी होना जीवन को बचाने के लिए बहुत आवश्यक है। आशा बहनो को समाज में इसकी जागरूकता फैलाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सीएचसी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए देश का स्वास्थय में इनके महत्वपूर्ण योगदान को बताया और आगे भी इस तरह के प्रोग्राम्स को सामान्य पब्लिक से जोड़ने के लिए जरुरी बताया। उन्होंने फार्मासिस्ट को भी समाज में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। कुलपति एवं अन्य अतिथियों ने सभी आशा एवं एएनएम बहनो को तुलसी पौधा एवं शाल देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ एनबी सिंह ने सबका आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ओआरएस नाम इंडियन साइंटिस्ट दिलीप महालांबीस ने दिया। इलेक्ट्रोलाइट इम्बैलेंस एवं डिहाइड्रेशन के लिए ओआरएस दिया जाता है। 1971 में ओआरएस का ट्रायल लिया गया और देखा कि उस समय ओआरएस लोगो की जान बचाने में सक्षम था। लूज मोशन एंड वाटरली स्टूल के लिए ओआरएस के अलावा और कोई ट्रीटमेंट की जरुरत नहीं है।

संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने सभी गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए मुख्य अतिथियों को यहां आने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि डायरिया एक जानलेवा बीमारी है और इसलिए ये अवेयरनेस प्रोग्राम हमेशा चलते रहने चाहिए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 30 से अधिक आशा बहनों एवं एएनएम के साथ 30 से अधिक छात्राओं की एक टीम ने रैली निकालकर डायरिआ रोको अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर ओआरएस का मुफ्त वितरण किया और इसका इस्तेमाल कब और कैसे करना है तथा डायरिआ से बचाव के उपाय भी बताये गए। इस अवसर पर पोस्टर और विडिओ मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विडिओ मेकिंग प्रतियोगिता में अभिषेक गुप्ता, डीफार्म द्वितीय वर्ष, अमन सिंह, डीफार्म द्वितीय वर्ष, सनी कुमार सिंह, बीफार्म तृतीय वर्ष, आराध्या, बीफार्म द्वितीय वर्ष, अंकित, डीफार्म द्वितीय वर्ष, अनुराग पाल, डीफार्म द्वितीय वर्ष ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में विशाल सिंह, डीफार्म द्वितीय वर्ष, सनी कुमार सिंह, बीफार्म तृतीय वर्ष, वैष्णवी लोधी, बीफार्म द्वितीय वर्ष, रुपाली कुमारी, बीफार्म द्वितीय वर्ष, कोमल गुप्ता, बीफार्म द्वितीय वर्ष, रिद्धिमा, बीफार्म द्वितीय वर्ष, शिवम सिंह, बीफार्म तृतीय वर्ष ने अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सनी कुमार सिंह ने प्रथम तथा विशाल सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विडिओ मेकिंग प्रतियोगिता में अभिषेक गुप्ता प्रथम एवं आराध्या द्वितीय स्थान पर रहे। विजेताओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। एएनएम एवं आशा बहनो ने भाग लेने वाले छात्र छात्रओं की प्रशंसा करते हुए बताया कि उनका घर-घर जाकर ओआरएस बाटने का अनुभव बहुत अच्छा रहा।

# 'सिंदूर' पर सियासी जंग

कौन राक्षस है, कौन मनुष्य, यह जानना सभी का दायित्व है लेकिन बिना किसी ठोस आधार के कुछ भी कहना या असमय कहना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। वाजिब बात बाजिब समय पर ही कही जाना चाहिए। आज राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंदिरा गांधी जैसे साहस का परिचय देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सदन में झूठा कहना चाहिए और अखिलेश यादव ने कहा कि चीन राक्षस है, उससे भारत को उतना ही खतरा है जितना कि आतंकवाद से है। चीन से हमारी जमीन एवं बाजार के छिनने का भय है। अब उन्हें कौन समझाए कि आज का भारत झुकने वाला राष्ट्र नहीं है। वह दुश्मन की आंख में आंख डालकर बात करता है। जरूरत पड़ी तो उसकी आंखें भी छीन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से लगता है कि विपक्ष को उसके सवालों के सटीक जवाब मिल गए होंगे। पहलगाम हमले के आतंकी मारे जाने चाहिए, यह पूरे देश की अपेक्षा है। जब मिलेंगे, जहां मिलेंगे मारे जाएंगे लेकिन अपने देश के नेताओं को न जाने क्या हो गया है? वे पूछ रहे हैं कि पहलगाम हमले के दोषी आतंकी कल ही मुठभेड़ में क्यों मारे गए? क्या अजीबोगरीब सवाल है। ऐसे में अगर प्रधानमंत्री भारत का पक्ष रखने और भारत के शौर्य को न समझ पाने वालों को आईना दिखाने की बात करते हैं तो इसमें गलत क्या है? इसमें अहंकार देखने जैसी कोई बात समझ नहीं आती। अखिलेश यादव को लगता है कि भारत को खतरा पाकिस्तान से नहीं, चीन से है। कुछ ऐसी ही बात मुलायम सिंह यादव भी कहा करते थे लेकिन अपने रक्षामंत्रित्व काल में वे चीन द्वारा कब्जाई गई अक्साई चिन की भूमि को छुड़ाने के प्रति तो कभी गंभीर नहीं हुए। रही बात चीन के बाजार छीनने की तो जिन-जिन देशों में उसके सामानों का निर्यात होता है, वहां भारत ने भी अपनी मजबूत पैठ बना ली है। ऑपरेशन सिंदूरके बाद दुनिया के बाजारों में जिस तरह भारतीय विमानों, मिसाइलों, ड्रोनों की मांग बढ़ी है, उसे इस देश के विपक्ष को हल्के में नहीं लेना चाहिए। एक ओर तो कांग्रेस अपने नेता को बोलने नहीं देने के सरकार पर आरोप लगाती है लेकिन शशि थरूर और मनीष तिवारी को संसद में न बोलने देने का षड़यंत्र भी करती है। जिसकी कथनी और करनी में वैभिन्य हो, ऐसे लोगों को अपने ही नेता मनीष तिवारी की उस प्रतिक्रिया का स्मरण जरूर करना चाहिए जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत का रहने वाला हूं। भारत की बात सुनाता हूं। अखिलेश यादव का एक और विलक्षण सवाल है कि जिन विमानों की नींबू और मिर्च लगाकर पूजा की गई, वे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कितने उड़े? मतलब देश के विरोध की सीमा पार करने में हमारे नेताओं को रंच मात्र भी गुरेज नहीं होता। जब सुई सेकाम हो जाए तो तलवार उठाने का प्रयास क्यों किया जाए? संबित पात्रा की इस राय में दम है कि दुनिया के किसी भी लोकतंत्र में उस देश के खिलाफ बहस नहीं होती। यह सब भारत में ही संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना के शौर्य पर अंगुली उठाने वालों को यह बताने -जताने का प्रयास किया है कि पाकिस्तान के तमाम एयरपोर्ट आज भी आईसीयू में हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो सुस्पष्ट ही कर दिया कि यह देश आतंकियों से नहीं, अपने युवाओं से बात करने में यकीन रखता है। उन्होंने विपक्ष को यह भी बताया कि उनके अपने दौर में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के नेताओं के साथ कैसा वीआईपी जैसा व्यवहार होता था और उनके लिए रेड कार्पेट बिछाई जाती थी। हुर्रियत नेताओं के साथ सरकार बातचीत करती थी। हमारी सरकार ने हुर्रियत के सभी घटकों पर पाबंदी लगा दी है। आज सभी सलाखों के पीछे हैं। हम हुर्रियत के साथ बात नहीं करना चाहते क्योंकि वह आतंकवादी संगठनों का मुखौटा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिल्कुल पतेकी बात कही है कि ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाकर हम मीडिया में तो जगह पा सकते हैं, लेकिन देशवासियों के दिल में जगह नहीं बनाई जा सकती। अब तो उन्होंने सदन को यह भी बता दिया है कि दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा। भारत ने पाकिस्तान की नाभि पर वार किया है। इस अभियान के दौरान पूरी दुनिया का समर्थन मिला, लेकिन जवानों के पराक्रम को मुख्य विपक्षी दल का अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। हमने अपने संकल्प के अनुरूप आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। सजा उनके आकाओं को भी दी है जिसकी उन्हें कल्पना भी नहीं रही होगी। सैन्य कार्रवाई से आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। भारत ने सिद्ध कर दिया है कि न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी। अब इसके बाद विपक्ष को क्या और कुछ जानना शेष रह गया है। क्या भारत के समग्र हित को देखते हुए विपक्ष जिम्मेदार रुख अपनाएगा। प्रधानमंत्री से ऐसी ही जिम्मेदार प्रतिक्रिया की उम्मीद थी। वे किसी भी राष्ट्राध्यक्ष के प्रति अपमान जनक टिप्पणी कर वैदेशिक संबंधों को पलीता तो नहीं लगा सकते। विरोध प्रतिपक्षका धर्म है लेकिन वह देशहित पर भारी नहीं पड़नाचाहिए। सरकार का विरोध करते-करते अगर हम देश काविरोध करने लगें तो इस पर विचार आवश्यक है। क्या प्रतिपक्ष कभी इसबावत चिंतन कर सकेगा?

# युगांतरकारी है इसरो का 'निसार' मिशन


**संजय श्रीवास्तव**

> पहली बार स्वदेशी रॉकेट से डुअल बैंड रडार उपग्रह सूर्य समकालिक कक्षा में पहुंचेगा। रॉकेट की विश्वसनीयता बाजार में बढ़ेगी, तो उसकी पूछ भी और प्रीमियर रडार क्लब में पहुंचे, इसरो इसके लिए पूरी तरह स्वदेशी डुअल मिशनों का मार्ग खोलेगा। इससे इको सिस्टम मजबूत होगा।

इसरो और नासा के संयुक्त 'निसार मिशन' को लेकर वैज्ञानिक जगत में काफी उत्साह है। यह भारत, अमेरिका और दुनिया के लिए क्या करेगा? क्या आम आदमी को भी इससे कुछ लाभ होगा? इस मिशन पर काम करके इसरो को क्या फायदा होगा? ऐसे कई सवालों के साथ एक प्रश्न यह भी है कि क्या हमारी राष्ट्रीय एजेंसियां, राज्य स्तर की संस्थाएं और जमीनी व्यवस्थाएं निसार से मिलने वाली सूचनाओं का भरपूर दोहन कर लाभ उठाने में सक्षम हैं? क्या इससे मिलने वाले लाभ जनता तक आसानी से पहुंच सकेंगे?

सालभर पहले लांच होने वाला निसार मिशन, उपग्रह के 12 मीटर वाले विशाल एंटीना में सुधार तथा कक्षीय समायोजन के बाद अंततः स्वदेशी जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए श्री हरिकोटा से अंतरिक्ष की ओर रवाना हो गया। दुनियाभर में निसार को लेकर चर्चाएं गर्म हैं, तो मात्र इसलिए नहीं कि यह अब तक का सबसे महंगा उपग्रह है, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो और अमेरिकी स्पेस रिसर्च एजेंसी, नासा ने 2,392 किलोग्राम के सैटेलाइट निसार पर 11,240 करोड़ रुपये के खर्च किए हैं इसमें विमर्श इस बात पर है कि अंतरिक्ष में लगाई गयी यह लंबी तकनीकी छलांग इस क्षेत्र के लिए किस तरह युगांतरकारी साबित होने वाली है।

अमेरिका, भारत, इसरो, नासा के लिए ही नहीं समूचे विश्व के लिए यह कितनी व्यापक स्तर पर हितकारी होगी? सामान्य जन को निसार के तकनीक कौशल तथा दूसरी खूबियों, उसकी जटिल प्रक्रियाओं से ज्यादा मतलब इससे है कि जिस बहुप्रतीक्षित निसार यानी नासा इसरो सेंथेटिक अपरचर रडार के अंतरिक्षीय प्रक्षेपण के बारे में इतनी चर्चा है, वह कब से अपना काम शुरू करेगा, इसके जमीनी फायदे क्या हैं? हमें उससे कौन सी सेवाएं कब से कब तक मिल सकेंगी। क्या ये फायदे सरकारों, संस्थानों तक सीमित रहेंगे अथवा उनके जीवन को भी प्रभावित कर उसे पहले से आसान, सुरक्षित बनाएंगे? करोड़ों रुपये खर्चने के बाद



इससे देश और इसरो को इससे क्या मिलेगा? 11 बरस की कड़ी मेहनत से तैयार इस उपग्रह की तकनीक दक्षता भले ही अत्यंत उत्कृष्ट हो और वह हर 12 दिन पर समूची धरती की अत्यंत उपयोगी सूचनाएं सटीक भेजने में सफल भी हो पर सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल यह है कि क्या उन सूचनाओं, आंकड़ों का उचित विश्लेषण करने, उन्हें समझकर उसके अनुसार उनको लागू करने, व्यवहारिक स्तर पर उतारने, जमीनी लाभ लेने में हमारी एजेंसियां और व्यवस्था भली भांति सक्षम हैं? वे कब तक और कैसे सक्षम होंगी, वाले अधिकतम 5 साल आयु वाले उपग्रह निसार के बाद क्या होगा? दावा है कि वह दुरुस्त रहे तो आगे भी काम लायक रहेगा, पर हमारी व्यवस्था और संबंधित एजेंसियों को तो इसके कार्यारंभ से ही इसके अनुरूप चाकचौबंद होना होगा।

> तीन माह बाद निसार से हर दिन 80 टेराबाइट का डॉटा मिलेगा जिससे भू डॉटा स्रोत समृद्ध होगा

उन्हें वह क्षमता विकसित करनी होगी, जो सूचनाओं को उत्पादक और आमजन के लिए लाभकारी बना सके। उदाहरणतः उपग्रह आपदा की सूचना समय से दे दे पर उसके लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर्याप्त न हो, न ही त्वरित गति से सक्रिय होने वाला बचाव दल, आपदा संबंधी विशेषज्ञ तथा आपेक्षिक अवसंरचना एवं पर्याप्त कार्यबल, तो समयानुकूल सूचना का क्या अर्थ होगा।

इस लांच के साथ तीन महीने बाद निसार से हर दिन 80 टेराबाइट का विशालकाय डेटा मिलेगा जिससे भू-डेटा स्रोत समृद्ध होगा, पर इन सूचनाओं के समुद्र को संभालने, सार्थक उपयोग के लिए क्या हमारी एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं?

प्रक्षेपण के 90 दिन बाद निसार 747 किलोमीटर की ऊंचाई पर वृत्ताकार कक्षा में अपने नियत स्थापना बिंदु पर पहुंचकर वैज्ञानिक कार्यों के लिए तैयार होगा। वह 240 किमी चौड़ा ट्रैक बनाते हुए हर 12 दिनों में द्वीपों, समुद्री बर्फ और चुनिंदा महासागरों सहित वैश्विक भूमि और बर्फ से ढकी सतहों की तस्वीरें लेगा और आंकड़ों के साथ साथ बहुत उच्च गुणवत्तायुक्त इन तस्वीरों को भेजेगा। इतनी चौड़ाई व सूक्ष्मता तथा गुणवत्ता का संयोजन अभूतपूर्व है। यह जमीन के नीचे के हाल बहुत सटीकता से बताकर भूस्खलन और भूकम्प के जोखिम निर्धारित करेगा।

बांध, पुल, मेट्रो-टनल की धीमी धंसान के नुकसान से पहले ही बताकर हादसों को टालेगा। यह हिमनदों का पीछे हटना, बर्फ पिघलने की गति, समुद्र के जल स्तर की घटत बढ़त भी लगातार मापेगा। हरित क्षेत्र की घटत, रेगिस्तान की बढ़त के आंकड़े बताएगा। इससे मिला वैश्विक जैव-भार व कार्बन फ्लेक्स मानचित्र जलवायु परिवर्तन की गति की अनिश्चितता 10 गुना तक घटा सकती है, मिले आंकड़ों के आधार पर पहले के अनुमानों को सुधारना संभव होगा।

देश में भूकम्प, भूस्खलन, बाढ़ के समय डैमेज प्रॉक्सी मैप बनाकर आपदा राहत पहुंचाने, उसके प्रबंधन का कार्य हो सकेगा। जोखिम-मानचित्र बेहतर होंगे तो बीमाकर्ता सस्ते बीमा बेच सकते है और उनका प्रीमियम भी घटा सकेंगे बशर्ते वे ऐसा करना चाहें। भू-जल व जलाशयों का हर पखवारे का लेखा-जोखा मिलेगा, तो इनका बेतरतीब दोहन रोका जा सकेगा।

खेतिहरों को हवा में नमी की मात्रा और खेत बोआई की सूचना समय से दी जा सकेगी। उपज-भविष्यवाणी की मदद से सरकार आयात-निर्यात समय पर तय करके किसानों-उपभोक्ताओं दोनों को लाभ पहुंचा सकती है। नगरपालिकाएं गर्मियों के दिनों में किसी खास इलाके में अत्यधिक तापमान का पता लगा, वहां उससे बचाव का इंतजाम कर सकती हैं।

हरित आवरण व जलभराव के आंकड़े सीधे डाउनलोड करने से नागरिक सेवाएं बेहतर होंगी।

पहली बार स्वदेशी रॉकेट से डुअल-बैंड रडार उपग्रह सूर्य-समकालिक कक्षा में पहुंचेगा। रॉकेट की विश्वसनीयता अंतरिक्ष बाजार में बढ़ेगी, तो उसकी पूछ भी और प्रीमियर रडार क्लब में पहुंचे इसरो के लिए पूरी तरह स्वदेशी डुअल-बैंड मिशनों का मार्ग खुलेगा। डेटा अर्थ-इकोसिस्टम विकसित होगा तो स्मार्ट-फार्मिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर-हेल्थ जैसी सेवाओं का नया बाजार बनेगा। निसार का प्रक्षेपण देश के लिए तकनीकी आत्मनिर्भरता और अंतरिक्ष के क्षेत्र में दबदबे की घोषणा है। लेकिन जब तक हम उन आंकड़ों के समझने और इस्तेमाल करने की क्षमता नहीं विकसित करेंगे, यह उपलब्धि अधूरी है।

## सोशल मीडिया

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस की हार्दिक बधाई। बाघ हमारी जैव विविधता, पारिस्थितिक संतुलन और प्राकृतिक गरिमा का प्रतीक हैं।
सीएम योगी.



अगर मोदी जी में 50 प्रतिशत भी इंदिरा गांधी जैसा दम है तो संसद में साफ कहें डोनाल्ड ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। ।राहुल गांधी.



पीडीए देशकी 90 प्रतिशत जनता की एकता का नाम है। पीडीए संविधान और आरक्षण की ढाल है।
अखिलेश यादव.



## विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

–संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

# विचारों के लिए आग है होश

**अंतर्दृष्टि**

चेतना की पूरी अलग ही गुणवत्ता है जो विचार शून्यता से आती है। न ठीक, न गलत से, बस विचार शून्य की दशा। तुम बस देखते हो, तुम बस होशपूर्ण होते हो, लेकिन तुम सोचते नहीं। और यदि कोई विचार आता है। वे आते हैं, क्योंकि विचार तुम्हारे नहीं हैं, वे बस हवा में तैर रहे हैं। यहां चारों तरफ विचार तैर रहे हैं, विचारों का क्षेत्र तैयार हो गया है। ऐसे ही जैसे कि यहां हवा है, तुम्हारे चारों तरफ पर विचार हैं, और ये स्वतः घुसते चले जाते हैं। यह तभी रुकते हैं जब तुम अधिक से अधिक होश से भरते हो। इसमें कुछ ऐसा है कि यदि तुम अधिक होश से भरते हो, विचार विलीन हो जाते हैं, वे पिघल जाते हैं, क्योंकि होश की ऊर्जा विचारों से अधिक बड़ी है। होश विचारों के लिए आग की तरह है। यह ऐसे ही है जैसे कि तुम घर में दीपक जलाओ और अंधेरा प्रवेश नहीं कर सकता, तुम प्रकाश को बंद कर दो। चारों तरफ से अंधेरा प्रवेश कर जाता है। बगैर एक मिनट लिए, एक क्षण भी लिए, वह वहां होता है। जब घर में दीपक जलता है, अंधेरा प्रवेश नहीं कर सकता। विचार अंधेरे की तरह होते हैं। वे तब ही प्रवेश करते हैं जब भीतर प्रकाश न हो। होश आग है। तुम अधिक होश से भरते हो, कम से कम विचार प्रवेश करते हैं। यदि तुम अपने होश से सच में अखंडित हो जाते हो, विचार तुम्हारे भीतर प्रवेश नहीं करते। तुम अभेद्य किले हो गए, कुछ भी प्रवेश नहीं कर सकता। ऐसा नहीं है कि तुम बंद हो गए, याद रखना। तुम पूरी तरह से खुले हो, परंतु तुम्हारी ऊर्जा एक किला बन जाती है। और जब कोई विचार तुम्हारे भीतर प्रवेश नहीं कर सकता, वे आएंगे और तुम्हारे पास से गुजर जाएंगे। तुम उन्हें आते देखोगे, और बस, जब वे तुम्हारे करीब आएंगे वे मुड़ जाएंगे। तब तुम किसी तरफ भी मुड़ सकते हो, तब तुम अगर नर्क में भी चले जाओ। तुम पर कुछ भी असर नहीं कर सकता। बुद्धत्व का यही अर्थ है। प्रेम और अहंकार प्रकाश और अंधकार की तरह हैं। अगर कहीं प्रकाश है तो वहां अंधेरा नहीं रह सकता। अतीत को जाने दो और भविष्य के बारे में मत सोचो। वर्तमान में जियो। प्रेम की कोई भाषा नहीं होती है, प्रेम का फूल मौन में खिलता है। प्रेम संगीत है, प्रेम अंतर्नाद है और प्रेम ही अनाहद नाद है। समाज हमेशा तुम्हें औसत बनाने की कोशिश करेगा। तुम औसत मत बनो। ज्ञान को केवल दिमाग से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, इसे अनुभव से भी प्राप्त किया जाना चाहिए। मुक्ति तब होती है जब आप अपने भीतर के बच्चे को फिर से खोज लेते हैं। जब आप गुस्से में होते हो, तब आपके भीतर अहंकार रहता है। जब मन में प्रेम होता है, तब वहां अहंकार नहीं रहता।

# जान-बूझकर नादान बनें

**व्यंग्यलोक**

एक विचारक ने बहुत सोच-विचार कर लिखा था कि जो लोग जान-बूझकर नादान बन गए, मेरा खयाल था कि वो इंसान बन गए। आजकल चुप्पी पर कायरता समझा जा रहा है। अब इसे समझने वाले की बुद्धि की बलिहारी नहीं तो और क्या कहें। नदी में डूबने वालोंको बचाना पुण्य का काम है लेकिन अगर सावधानी से बचाव न किया जाए तो बचाने वाले के ही प्राण संकट में पड़ जाते हैं। डूबने वाला बचाने वाले को ऐसा लपेटता है कि पूछो मत। अब जिसे तैरने नहीं आता, वह किसी को बचाए भी तो कैसे? कोई उस पर दोष लगाए कि वह नादान दोस्त है तो यह उसकी मर्जी। दो लोग आपस में लड़ें या दो देश, तीसरे देशको उनके बीच कूदकर अपनी भद्द क्यों पिटवानी चाहिए। कई बार ऐसा भी हुआहै कि जब लड़ने वालों ने बचाने वालों पर ही हमलाकर दिया है। मतलब बीच बचाव करना भी आ बैल मुझे मार वाली रीति-नीति को निमंत्रण देने जैसा ही है। या तो इतनी ताकत हो कि दोनोंको संभाल सके। एक को पकड़ लिया तो दूसरा हावी हो जाता है। यह उसके साथ अन्याय होता है और फिर झगड़ा अकारण तो होता नहीं लेकिन कुछ लोग एक धर्म के लोगोंके बड़े से बड़े गुनाह को भी नजरंदाज कर देते हैं औरजो वाकई पीड़ित है, उसी के खिलाफ मोर्चा खोल देते हैं। दूसरों को भी उकसाते हैं कि बोलो-बोलो। उन्हें क्या पता किचुपरहने के भी अपने फायदे हैं। एक को मनाओ तो दूजा रूठ जाता है, वाला गीत पतानहीं, सुना भी है या नहीं। इस रूठने-मनाने का टेंशन लेने से बेहतर यही है कि रोम के जलने पर भी नीरो की तरह बांसुरी बजाओ। धरा को प्रमान यही तुलसी जो फरा सो झरा जो जरा सो बुताना। लड़ने वालों की अपनी खासियत होती है कि उन्हें जितना ही रोका जाए, वे उतना ही तरकने लगते हैं। इन दिनों कायरता को भी नया विश्लेषण मिल गया है। नैतिक कायरता। अरे भाई कायरता तो अपने आप में बहुत बड़ा पाप है। अभिशाप है। कमजोरी है। उसमें क्या नैतिक और क्या अनैतिक? पिता जी ने घी खाया था, पूरी जिंदगी खाते रहे इसलिए मेरे हाथ सूंघ लो। यह मेरे डीएनए का मामला है, इस तरह की डींग तो कोई मूर्ख ही हांक सकता है। अखाड़े के बाहर बैठकर पहलवान को दांव बताने और खुद कुश्ती लड़ने में कुछ तो फर्क होता ही है। इस बातको समझे बगैरजो सोर में गोड़ डालने की हिमाकत करता है, उसके पैर की हड्डियां तो चटकती ही हैं। हम क्या थे, हमारा खानदान कैसा था, इसके बखान का अभी सही वक्त नहीं है। अभी तो हमें आत्मनिर्भर और सशक्त होना है। इसलिए कौन क्या कह रहा है, यह सुनने की हमें फुर्सत नहीं है। जो कह रहा है, उसे कहने दें। उस हाथी की तरह जो चलते वक्त श्वानों की आवाज की बिल्कुल भी परवाह नहीं करता। अच्छा होता कि रायचंद अपने अतीत में झांक लेते। **–मारीच**

# दिव्या शतरंज की दुनिया का नया उभरता सितारा



**खेल जगत**

**शाहिद ए चौधरी**

नागपुर की इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए सबसे छोटे मार्ग का चयन किया। यूथ बनाम एक्सपीरियंस की जंग में 19 वर्षीय दिव्या ने बतुमी, जॉर्जिया में न सिर्फ अनुभवी कोनेरू हम्पी (विश्व रैंकिंग 5) को फाइनल में पराजित करके विश्व कप अपने नाम किया बल्कि ग्रैंडमास्टर का खिताब भी जीता। दिव्या 2013 में सबसे कम आयु में वुमन फीडे मास्टर (डब्लूएफएम) बनी थीं और अब मात्र 19 साल की आयु में 44वीं महिला ग्रैंडमास्टर हैं। भारत की वह 88वीं ग्रैंडमास्टर हैं, जिससे अपने देश में शतरंज की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है, विशेषकर इस लिहाज से भी कि विश्व कप विजेता का ताल्लुक शतरंज के परम्परागत केन्द्रों जैसे चेन्नै से नहीं है बल्कि नागपुर से है। गौरतलब है कि ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शतरंज में सबसे कठिन कार्य है।

विश्व शतरंज संघ (फीडे) द्वारा दिये जाने वाले इस खिताब को हासिल करने के लिए खिलाड़ी को फीडे से मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में तीन जीएम नोर्म्स अर्जित करने के अतिरिक्त 2500 की एलो रेटिंग भी पार करनी होती है। दिव्या ने अपना पहला नॉर्म उस समय क्लियर किया जब उन्होंने बतुमी में विश्व कप खेलने के लिए क्वालीफाई किया और सबसे कम आयु में विश्व कप जीतकर उन्हें सीधे ही ग्रैंडमास्टर का भी खिताब मिल गया क्योंकि यह इलीट प्रतियोगिता थी, जिसे जीतने पर नॉर्म व रेटिंग के सामान्य मार्ग से हटकर सीधे ही ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया जा सकता है।

दिव्या ने निश्चितरूप से इतिहास रचा है। फाइनल में हम्पी को 2,5-1,5 से पराजित करके वह विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं और वह भी सबसे कम उम्र में। दिव्या व हम्पी से पहले भारत की कोई भी महिला कभी विश्व कप के फाइनल में नहीं पहुंची थी। यह पहला अवसर था जब खिताबी टक्कर दो भारतीयों के बीच में थी। जब फाइनल के दोनों मैच बराबरी पर छूटे और मुकाबला टाई ब्रेक में पहुंचा तो उसमें में पहले तीन मैच बराबरी पर रहे, लेकिन चौथे में दिव्या ने क्लॉक पर कंट्रोल करते हुए विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी को रैपिड फॉर्मेट में ही आश्चर्य में डालकर बाजी मार ली। इस जीत के साथ दिव्या ने कैंडिडेट्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। ध्यान रहे कि कैंडिडेट्स के विजेता को क्लासिक फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती देने का अवसर मिलता है। महिला वर्ग में वर्तमान वर्ल्ड चैंपियन चीन की जू वेनजुन हैं, जबकि पुरुष वर्ग में भारत के डी गुकेश हैं, जो 18 वर्ष की आयु में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने थे। बहरहाल, विश्व कप जीतकर दिव्या ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 41 बार भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने स्वर्ण पदकों की संख्या 24 तक पहुंचा दी है। 64 खानों की अपनी 14 साल की यात्रा में डॉ. जितेंद्र व नम्रता देशमुख की बेटी दिव्या ने चार अवसरों पर विश्व खिताब जीता है। उन्होंने 2014 में अंडर-10 विश्व खिताब जीता और 2017 में वह अंडर-12 विश्व चैंपियन बनीं। पिछले साल वह जूनियर विश्व चैंपियन बनी थीं। अब 2025 में उन्होंने वर्ल्ड कप जीता है।

दिव्या ने जिस दिन से शतरंज की बिसात पर चालें चलनी शुरू की थीं वह तभी से फाइटर हैं। गुकेश की तरह दिव्या की महारत भी क्लासिक फॉर्मेट में है। यही ताकत गुकेश व दिव्या को अपने समकालीन खिलाड़ियों से अलग पंक्ति में खड़ा कर देती है। दिव्या के शुरुआती कोच श्रीनाथ नारायणन का कहना है कि वह आक्रामक खिलाड़ी हैं। लेकिन समय के साथ दिव्या अधिक आल-राउंडर, अधिक बहुमुखी हो गयी हैं। मैं समझता हूं कि वह सभी फॉर्मेट-क्लासिकल, रैपिड व ब्लिट्ज बराबर की अच्छी हैं और उनकी ताकत महत्वपूर्ण स्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने में है । दिव्या बहुत मेहनत से तैयारी करती हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने अतिरिक्त प्रयास को देती हैं। उन्होंने बताया कि विश्व कप जीत में मुख्य भूमिका मेरी तैयारी की थी। यहां (बतुमी) आने से पहले मुझे फाइनल तक पहुंचने की उम्मीद नहीं थी, चूंकि मैं बॉटम-हाफ में थी और मुझे बहुत ही मजबूत खिलाड़ियों का सामना करना था। इसलिए मुझे तैयारी भी तगड़ी करनी थी। मैं घंटों तक ट्रेनिंग कर रही थी। मैं उम्मीद करती हूं कि यह बस शुरूआत हो। दिव्या व हम्पी के बीच विश्व कप का फाइनल भारतीय शतरंज के लिए बहुत बड़ा लम्हा था।

## आप की बात

### घट रहे पीएसयू बैंक

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह की पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकारी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं तो इसके पीछे सरकारी बैंकों के अधिकारियरों एवं कर्मचारियों की घटिया कार्यप्रणाली भी जिम्मेदार है। आज भी सरकारी बैंक के कर्मचारी अपने को सरकारी कर्मचारी मानते हैं और ठीक से काम न करना अपना पुश्तैनी अधिकार मानते हैं। सरकारी बैंकों में जिस तरह सरकरी कल्चर हावी है उसे अगर दूर न किया गया तो प्राइवेट बैंकों के सामने टिक नहीं पायेंगे। देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी क्षेत्रों के बैंकों की स्थिति आजकल ठीक नहीं है। इनके प्रबंधकों एवं कर्मियों की मनमानी, भ्रष्टाचार और लापरवाही ने आज दुनिया के सबसे बड़े सरकारी बैंकिंग तंत्र को बीमार कर पूरी तरह से आईसीयू में डाल दिया था। लोग बड़े आराम से बैंक का पैसा पार कर दे रहे हैं। फिलहाल सरकार के प्रयासों से बैंकों की हालात सुधरी है। इसे अब और मजबूत करने और देश में बड़े आकार के बैंक बनाने के लिए कुछ सार्वजनिक बैंकों का विलय कर चार-पांच बड़े पीएसयू बैंक बनाने चाहिए।

**राजेश, बाराबंकी.**

### हाइवे पर रोकें सड़क हादसे

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोगों को ट्रैफिक नियमों पालन एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय की भी जानकारी दी जाये। देश में हर साल लगभग डेढ़ लाख जानें दुर्घटनाओं में चली जाती हैं। अगर ट्रैफिक नियमों एवं सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा की जाये तो इसमें भारी कमी आ सकती है। हाइवे पर स्पीड सबसे बड़ा दुर्घटना का कारण है इसलिए सरकार प्रत्येक सड़क पर अधिकतम और न्यूनतम स्पीड को तय करे और इसी पूरी निगरानी रखे।

**संजीव लाल, लखनऊ.**

संक्षेप

## अंगवस्त्र पहनाकर किया गया सम्मानित

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन संस्थापक अध्यक्ष पं0 कन्हैया लाल शुक्ल की जयंती समारोह के अवसर पर पत्रकारिता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ताओं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिनेश शुक्ल, मयंक रावत, कौशल किशोर त्रिपाठी, मो0 अलीम, अमित सिंह, सुरेश चंद्र गौतम, राजू मिश्र, अमीनुद्दीन, पवन मिश्र, भूपेंद्र सिंह शैंकी, प्रत्यूष कान्त शुक्ल, रमाकांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर अ द्वारा 30 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से राजकीय आई0टी0आई0 परिसर बेनीगंज, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक एवं आई0टी0आई0 है प्रतिभाग कर सकते है, ऐसे अभ्यर्थी रोजगार मेला आई0डी0- 3694 एवं पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के साथ उक्त दिनांक को राजकीय आई0टी0आई0 परिसर बेनीगंज अयोध्या में उपस्थित हों। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

## विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी

गोसाईगंज-अयोध्या। खंड शिक्षा क्षेत्र मया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय (कम्पोजिट) वीरशाहपुर में चोरों ने सोमवार की रात ताला तोड़कर तमाम सामान पार कर दिया।विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक अंजू गुप्त मंगलवार की सुबह जब विद्यालय पहुंची तब वारदात की जानकारी हुई।प्रधानाध्यापक अंजू गुप्ता ने बताया कि सोमवार को स्कूल बंद कर वे घर गयी थी।मंगलवार की सुबह विद्यालय खुलने पर देखा कि कक्षा ,स्टोररूम व आंगनवाड़ी केंद्र का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने स्टेशनरी,गेम का सामान व बच्चों के खेलने के लिए खिलौने चुरा ले गए। प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान पंकज सिंह ने लिखित तहरीर गोसाईगंज पुलिस को दी है।

## पीडीए यात्रा लेकर अयोध्या पहुंचे अंकित यादव का हुआ स्वागत

अयोध्या। कासगंज के युवा सपा नेता अंकित यादव पूरे प्रदेश के 18 मंडल व 75 जिले में साईकिल से समाजवादी पीडीए यात्रा पर निकले हुए हैं। मंगलवार को अंकित यादव अपनी पीडीए यात्रा लेकर अयोध्या पहुंचे। अयोध्या जनपद के कोट सराय स्थित अत्रीवीर ढाबे पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं व नेताओं के साथ अंकित यादव का माला पहनकर स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर उनकी पीडीए यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने अंकित यादव का स्वागत कर उन्हें अग्रिम यात्रा के लिए रवाना किया। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि इस मौके पर सीताराम यादव,सतीश यादव,पप्पू यादव,प्रधान मुमताज नगर अमरनाथ यादव,जयसिंह यादव,आशिक यादव,मन्नू सिंह,रजत यादव,आकाश कुमार,धर्मचंद,सुरजीत चैधरी,अरशद अहमद,अनिरुद्ध यादव, मुरली यादव आमिर खान,प्रधान चंद्र भास्कर,अशोक यादव, राहुल यादव,राम मूरत यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवनियुक्त डीएम ने संभाला कार्यभार



बहराइच। बहराइच जनपद का जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी को बनाया गया है इसके पहले श्री त्रिपाठी ललितपुर के जिलाधिकारी रहे हैं इनकी कार्य कुशलता को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने बहराइच जनपद का कारभार सौंप कर विकास और जन सेवा की जिम्मेदारी दी गई है वही जनपद बहराइच की जिलाधिकारी रही मोनिका रानी को विशेष सचिव शिक्षा विभाग में तैनात किया गया है महानिदेशक स्कूल शिक्षा का भी कार्यभार सौंपा गया है।

# 2451 करोड़ की परियोजनाओं को सरकार की मंजूरी

## परियोजना में कई सड़कों का उच्चीकरण व चौड़ीकरण शामिल



अयोध्या। विधानसभा क्षेत्र अयोध्या की सड़कों के उच्चीकरण और चैड़ीकरण के लिए कुल 2451.85 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं को मंजूरी मिल गई है। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। यह स्वीकृति 26 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में अयोध्या एवं देवीपाटन मंडल के विधायकों के साथ हुई बैठक के बाद दी गई। परियोजनाओं पर इसी वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इन परियोजनाओं में सुगम आवागमन के लिए लंबित सड़कों और संपर्क मार्गों को शामिल किया गया है। जिन प्रमुख सड़कों को स्वीकृति मिली है, उनमें टेढ़ी बाजार-अशर्फी भवन-पोस्ट ऑफिस मार्ग को 124.09 करोड़ की लागत से तथा रानोपाली-विद्याकुंड-दर्शन नगर-भरतकुंड मार्ग को 1156 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। कनक भवन से श्रीराम जन्मभूमि त्रिदंडी देव भवन मार्ग, एनएच-27 से रामघाट-दिगंबर अखाड़ा मार्ग, रानोपाली-बाग बिजैसी से रेलवे स्टेशन, मोहबरा-टेढ़ी बाजार आरओबी की सर्विस लेन, अशर्फी भवन गोला घाट से अशर्फी भवन तक की सड़कों के चैड़ीकरण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। विधायक ने बताया कि अयोध्या कैंट क्षेत्र में देवकाली-जेल रोड, रिकाबगंज-फतेहगंज, रिकाबगंज-चैक, रीडगंज-गुलाबबाड़ी, मछली मंडी-जमथरा घाट, नियावां पाटेश्वरी मंदिर से पोस्ट ऑफिस रामपथ तक फोर लेन, तथा मोदहा-मऊशिवाला मार्ग का चैड़ीकरण भी इसी वित्तीय वर्ष में प्रारंभ होगा।

साथ ही बनबीरपुर, सूर्यकुंड और हलकारा का पुरवा में दो लेन के रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कराया जाएगा। पुराने सरयू पुल के समानांतर नए पुल के लिए पहुंच मार्ग 273 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र की 10 नई सड़कों का निर्माण भी इस योजना में शामिल है। विधायक ने बताया कि यह परियोजनाएं अयोध्या के चहुंमुखी विकास को गति देने के साथ-साथ तीर्थनगरी में आवागमन को सुगम बनाएंगी।

## अयोध्या विश्व की सांस्कृतिक राजधानीः डॉ. अनिल मिश्र

अयोध्या। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के सभागार में एक कार्यशाला अयोध्या का समावेशी एवं समतामूलक विकास का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से डॉ. अनिल कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रबंधक गोपाल जी एवं पूर्व अध्यक्ष भारतीय महिला आयोग दिल्ली ललिता कुमार मंगलम रही।

डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि एक समय अयोध्या में लगभग 5 लाख तीर्थ यात्रियों ने रामलला का दर्शन किया। जिससे यह पता चलता है, कि अयोध्या में रोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं। एमबीए विभाग अच्छे युवा उद्यमी तैयार कर रहा हैं जो अयोध्या की गरिमा निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। अयोध्या विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है। यहां के कण कण में राम बसे हैं। विशिष्ट अतिथि गोपाल ने कहा कि हमें प्रतिदिन नए-नए उद्योगों के बारे में मंत्रणा करनी चाहिए उनमें से जो प्रासंगिक हो उसको प्रारंभ करके बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार प्रदान कर सकते हैं।

## गैर मान्यता विद्यालयों को लेकर आंदोलन के मूड में प्राथमिक शिक्षक संघ

अयोध्या। जनपद अयोध्या में तेजी से फल-फूल रहे गैर मान्यता प्राप्त व मानक विहीन विद्यालयों पर अब लगाम कसने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद अयोध्या के जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अवनीश पांडे को एक ज्ञापन सौंपकर इन विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह और जिला मंत्री प्रेम कुमार वर्मा द्वारा हस्ताक्षरित इस ज्ञापन में बताया गया है कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में लगभग 90 गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जिनमें न तो शिक्षकों की योग्यता सुनिश्चित है और न ही आवश्यक बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ज्ञापन में इस बात पर भी चिंता जताई गई है कि पूर्व में शिक्षक संघ द्वारा शासन स्तर से प्राप्त सूचनाओं के बावजूद खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा उचित संज्ञान नहीं लिया गया, जिससे शिक्षा व्यवस्था की साख पर असर पड़ा है। संघ ने मांग की है कि सूची में वर्णित विद्यालयों की तत्काल जांच कराकर उन्हें बंद किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध 10 दिन के भीतर विधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि कार्यवाही नहीं की गई तो संघ स्वयं आंदोलनात्मक रणनीति अपनाने को बाध्य होगा।

## बिना हेलमेट, सीटबेल्ट के मिले 22 वाहनों का एआरटीओ ने किया चालान




बाराबंकी। सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु परिवहन एंव यातायात विभाग ने शहर के मुख्य चैराहों, मार्गो पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 22 वाहनो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये चालान किये गये। आज मंगलवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने शहर के पटेल चैराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट वाहन चालको के विरुद्ध अभियान चलाते हुये बिना हेलमेट व सीटबेल्ट फरार्टा भरते मिले 22 वाहनो के चालान किये। तो वही एआरटीओ ने बिना हेलमेट-सीटबेल्ट वाहन चालको को रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने का संकल्प भी दिलाया।

## समय और शिक्षा का सही उपयोग ही आपको सफल बनाता हैः पंकज गुप्ता पंकी



बाराबंकी। ग्राम डलपुरवा की होनहार बालिका पूजा पाल के नवाचार व वैज्ञानिक सोच के लिए इण्डियन स्टूडेंट पॉवर संस्था संरक्षक/भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज गुप्ता पंकी ने मेधावी छात्रा को कुर्सी, मेज, बैग, स्मार्ट वॉच, अलार्म वॉच, टेबल लैंप सहित कई उपयोगी शैक्षिक सामग्री देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री पंकी ने कहा कि पूजा पाल ने बेहद सीमित संसाधनों के बावजूद उसने अपने शिक्षक व मार्गदर्शकों की सहायता से किसानों के लिए कम लागत वाला धूल रहित थ्रेसर मॉडल तैयार कर एक बड़ा आविष्कार किया है। जो पर्यावरण और कृषकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। इण्डियन स्टूडेंट पॉवर के अध्यक्ष सिद्धार्थ कनौजिया ने मेधावी छात्रा को ह्यबाल वैज्ञानिकह्न की उपाधि प्रदान करते हुए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मोहम्मद शादाब, जया श्रीवास्तव, आशीष सिंह, अमित सिंह, रवि धीमान, बृजेश गौतम, कपिल कनौजिया, श्रवण कुमार मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं को 332 स्थानों पर मिल रही पेयजल सुविधा

### सावन झूला मेला की तैयारियों को नगर निगम ने दिया अंतिम रूप



अयोध्या। सावन झूला मेला में दर्शन-पूजन एवं प्रभु राम के झूलनोत्सव का आनंद लेने के लिए रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने व्यापक तैयारी की है। अयोध्या धाम में 332 स्थान पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। यहां कुल 1626 टाइप लगाए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को पेयजल के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर पेयजल व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में सभी 995 हैंडपंप तथा 322 स्टैंड पोस्ट क्रियाशील कर दिए गए हैं। इसके अलावा निगम में उपलब्ध 30 वॉटर टैंक पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने में तल्लीन है।इसके अलावा अन्य निकायों से 30 वॉटर टैंक का प्रबंध किया गया है। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि नगर निगम का संकल्प है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को एक बूंद पानी खरीद कर न पीना पड़े। इसके लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि पेयजल की व्यवस्था सावन झूला मेला के दौरान निरंतर बनी रहेगी।

## जिलाधिकारी ने 84 कोसी व रिंग रोड को लेकर की बैठक

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में चैरासी कोसी व रिंग रोड के सम्बंध में बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने यथाशीघ्र 84 कोसी मार्ग में आने वाली जमीनों के 80 प्रतिशत भुगतान हेतु सम्बंधित उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने तहसीलदारों को निर्देश दिया कि सभी लेखपालों के साथ समीक्षा करते हुए 84 कोसी मार्ग में अपने स्तर से लम्बित कार्य है उसको शीघ्र पूरा करायें। एन एच आई के अधिकारियों ने बताया कि 84 कोसी/नेशनल हाईवे पर निशानदेही का कार्य तहसील रुदौली व मिल्कीपुर में प्रगति पर है। जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने हेतु कहा गया। इसी के साथ जिलाधिकारी द्वारा रिंग रोड की समीक्षा करते हुये सम्बंधित उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि अतिरिक्त भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन की बाधाओं को शीघ्र निस्तारित कराया जाय। जिलाधिकारी द्वारा लंबित पत्रावलियों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया, जिससे उक्त दोनों मार्गो के निर्माण कार्य में तेजी लायी जा सकें। बैठक के दौरान अपर जिलधिकारी एल ए ने 84 कोस मार्ग व रिंग रोड की अब तक की प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय, अपर जिलाधिकारी एलए, मुख्य राजस्व अधिकारी, उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदार एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



बाराबंकी। जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम, महिला बैरक, किशोर सदन, परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बंदियों से बात कर उनकी समस्याओ को सुना। तथा सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक, जेलर सहित कारागार कर्मी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र में तीन परिवारों में सुलह



बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित ह्यपरिवार परामर्श केन्द्र द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 03 परिवारों में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

## जिले में खोदे जायेंगे 53 खेत तालाब



बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति/जिला मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सीडीओ द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत खेत तालाब योजना एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना अन्तर्गत भूमि संरक्षण इकाई (कृषि) बहराइच द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान बताया गया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत खेत तालाब योजना में 53 खेत तालाब खोदे जाने हेतु इकाई को धनराशि आवंटन हुई है। सीडीओ ने निर्देश दिया कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार आवंटित धनराशि का सदुपयोग करते हुए तालाब के लाभार्थियों को मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया जाय। सीडीओ ने निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय ताकि अधिकाधिक कृषक लाभान्वित हो सकें।

मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के बारे में अधिक से अधिक क्षेत्र लक्ष्यानुसार उपचारित करने के निर्देश दिये गये। सीडीओ ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (आरएडी) योजना में कलस्टर के लाभार्थियों के चयन एवं समय से योजना क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जबकि भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा द्वारा उपस्थित कृषको द्वारा पूछे गये प्रश्नो का उत्तर दिया गया।

## उमेश मिश्रा बने विश्व हिन्दू महासंघ प्रदेश मंत्री मीडिया प्रकोष्ठ



अयोध्या। विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री मीडिया प्रकोष्ठ बनाए जाने पर उनके आवास पर पहुंचकर संघ के अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एवं समरसता प्रमुख करिअप्पा नगर दिनेश जायसवाल ने राम नाम की पट्टीका पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उमेश मिश्र को स्वागत एवं अभिनंदन किया। हिंदू हितों एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए और उन्नति के लिए निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। स्वागत से अभीभूत उमेश ने आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी अस्मिता और सम्मान पर मौलाना साजिद रसीदी के बयान की निंदा करता हूं। अखिलेश यादव के चुप्पी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति का परिचायक है। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से सुनील द्विवेदी ऋषभ दुबे अधिवक्ता सुनील मिश्रा अधिवक्ता ज्ञानेंद्र मिश्रा शैलेंद्र द्विवेदी उपाध्यक्ष विजय तिवारी किशोर दुबे सौरभ दुबे रविता सिंह सत्य प्रकाश सिंह बबीता श्रीवास्तव विकास गौतम एवं रोहित गौतम आदि उपस्थित रहे। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ विजय शंकर पांडे मिश्रा के मानो नयन पर खुशी जाहिर किया है और कहा कि इसे सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करेगा आदि लोग मौजूद रहे। श्री मिश्र को गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे जिला अध्यक्ष राजकुमार सोनकर मातृशक्ति जिला अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव उमेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने श्री मिश्र को प्रदेश के मीडिया महामंत्री बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है और बताया कि उमेश मिश्र सनातन के स्तंभ है वह हमेशा सनातन की मजबूती और हिंदुत्व को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित रहते हैं इनके जुड़ने से विश्व हिंदू महासंघ को मजबूती मिलेगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना में नये युग की शुरूआतः प्रो. मंजू सिंह

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक हाइब्रिड मोड़ में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय से संबद्ध सात जनपदों से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत ह्लउठें समाज के लिए उठें उठेंह्न से हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य संपर्क अधिकारी प्रो. मंजू सिंह ने कार्यक्रम अधिकारियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की नयी दिशा, माई भारत पोर्टल की उपयोगिता, स्वयंसेवकों के आनलाइन प्रमाणपत्र एवं वित्तीय प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखते हुए कहा कि अब एनएसएस एक नये युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारियों की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित समाधान भी किया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए पूर्ण सहयोग और समर्पण के लिए कृत संकल्पित है। राष्ट्रीय सेवा योजना के सूत्रवाक्य ह्लमैं नहीं आप का स्मरण कराया।

## रक्षाबंधन पर जिला कारागार में आयोजित होगा विशेष सेवा कार्यक्रम




बहराइच। रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर जिला कारागार बहराइच में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की टीम ने जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह से औपचारिक भेंट कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। टीम ने बताया कि इस वर्ष 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समिति की ओर से जेल में बंद बंदियों से मिलने आने वाली बहनों के लिए निःस्वार्थ सेवा भाव से जलपान की सूक्ष्म एवं सम्मानजनक व्यवस्था की जाएगी।यह कार्यक्रम समिति द्वारा हर वर्ष रक्षाबंधन पर नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य बहनों को सम्मान और सहयोग प्रदान करना है ताकि वे सहजता से अपने भाइयों को राखी बांध सकें। जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने समिति के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समिति की स्थानीय टीम सक्रिय रूप से भाग लेगी और यह पहल समाज में सकारात्मक सोच और भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। इस मौके पर समिति के जिला सचिव केशव कुमार मौर्य /जेल विजीटर, जिला उप सचिव विनोद कुमार कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधान,नगर संगठन मंत्री रमेश कुमार मिश्रा,संरक्षक एसपी मिश्रा जिला संगठन मंत्री ओमकार नाथ मिश्रा मौजूद रहे ।

## रामजीत हत्याकांड : तकिया की पीड़िता पहुंची मुख्यमंत्री के जनता दरबार , न्याय की लगाई गुहार



चरदा-बहराइच। जनपद के तकिया गांव निवासी रामजीत हत्याकांड की पीड़िता पत्नी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से कहा कि उसके पति की हत्या साजिशन की गई है, लेकिन अभी तक सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन-जिन लोगों की संलिप्तता हत्याकांड में पाई जाए, उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही जांच में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई के संकेत दिए।पीड़िता ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस मामले को हल्के में ले रही है और आरोपियों को संरक्षण मिल रहा है। उसने कहा कि उसे और उसके परिवार को भी जान का खतरा है। जनता दरबार में मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। अब यह देखना होगा कि जिले की पुलिस मुख्यमंत्री के आदेशों पर कितनी तेजी और निष्पक्षता से कार्रवाई करती है।

## विद्युत मजदूर पंचायत के पदाधिकारियों व मुख्य अभियंता का विवाद थमने का नहीं ले रहा नाम

अयोध्या। विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों और मुख्य अभियंता अशोक चैरसिया का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है बता दे की अपनी कई मांगों को लेकर विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय पर लगातार 75 दिन तक धरना प्रदर्शन किया था। जिससे नाराज होकर मुख्य अभियंता ने कर्मचारियों के ऊपर सरकारी कार्य में बाधा और कई करोड़ का जुमार्ना लगाया था। काफी मान मनौवल के बाद मुख्य अभियंता ने धरने पर बैठे 50 लोगों को पुनः कार्य में वापसी का आश्वासन दिया था। इसके बाद धरना समाप्ति की घोषणा की गई थी। विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के जोन अध्यक्ष के.एन सिंह ने बताया कि आज संगठन के लोग जब कार्य वापसी के आश्वासन को लेकर मुख्य अभियंता अशोक चैरसिया के कार्यालय पर गए तो उन्होंने एक बार फिर से तानाशाही रवैया दिखाते हुए संगठन का पत्र लेने से मना कर दिया।

संक्षेप

## अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा: कैनालिस

नयी दिल्ली। अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात के लिहाज से भारत ने 2025 की दूसरी तिमाही में पहली बार चीन को पीछे छोड़ दिया है। शोध कंपनी कैनालिस के अनुसार, शुल्क वार्ताओं के बीच चीन की व्यापार हिस्सेदारी घटने के कारण ऐसा हुआ और भारत, अमेरिका पहुंचने वाले स्मार्टफोन का सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा। शुल्क संबंधी चिंताओं के बीच विक्रेताओं के अपने भंडार को बढ़ाने के चलते चालू कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही में अमेरिका में स्मार्टफोन का आयात एक प्रतिशत बढ़ गया। इसके मुताबिक, चीन के साथ व्यापार वार्ता को लेकर अनिश्चितता के कारण आपूर्ति श्रृंखला को तैयार करने का काम तेज हुआ है। अमेरिका पहुंचने वाले स्मार्टफोन में चीन की हिस्सेदारी अप्रैल-जून में घटकर 25 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 61 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गिरावट का ज्यादातर हिस्सा भारत को मिला। भारत में बने स्मार्टफोन की कुल मात्रा में सालाना आधार पर 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अब अमेरिका पहुंचने वाले स्मार्टफोन में भारत की 44 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा केवल 13 प्रतिशत था। भारत 2025 की दूसरी तिमाही में पहली बार अमेरिका में बिकने वाले स्मार्टफोन का प्रमुख विनिर्माण केंद्र बन गया है।

## वायदा बाजार में कच्चे तेल के भाव में तेजी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के बीच सटोरियों के अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव मंगलवार को 17 रुपये चढ़कर 5,798 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अगस्त में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 17 रुपये यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,798 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 10,399 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि मजबूत वैश्विक रुख के बीच प्रतिभागियों के अपने सौदे बढ़ाए जाने से वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल का भाव 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66.63 डॉलर प्रति बैरल जबकि ब्रेंट कच्चा तेल 0.17 प्रतिशत फिसलकर 69.92 डॉलर प्रति बैरल रहा।

## सैमसंग ने किया वॉक-ए-थॉन इंडिया का तीसरा संस्करण लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने वॉक-ए-थॉन इंडिया के तीसरे संस्करण की घोषणा की है। इसकी शुरूआत 25 अगस्त को होगी। यह अभियान भारत में लोगों को एक सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। वॉक-ए-थॉन के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं और यह चैलेंज केवल भारतीय यूजर्स के लिए है और 1 अगस्त से 30 अगस्त, 2025 तक चलेगा। प्रतिभागियों को 30 दिनों में 2,00,000 कदम पूरे करने होंगे ताकि वे रोमांचक पुरस्कारों के लिए योग्य हो सकें। सभी फिनिशर्स को सुनिश्चित पुरस्कार मिलेंगे। तीन भाग्यशाली विजेताओं को गैलेक्सी वॉच8 मिलेगी, जबकि बाकी फिनिशर्स को नई गैलेक्सी वॉच8 पर 15,000 रुपये तक के डिस्काउंट कूपन मिलेंगे। इस वॉक-ए-थॉन के साथ, सैमसंग फिटनेस को सभी के लिए मजेदार और रिवार्डिंग बनाना चाहता है।

## बाघ दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। सिटी इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर एक रंगारंग और शिक्षाप्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बाघों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्रों ने बाघों के जीवन पर सुंदर पोस्टर, नारे, नाटक और कविताएं प्रस्तुत किए। बच्चों ने बाघों को बचाने के लिए जोश और उत्साह से भाग लिया और जोर-जोर से नारे लगाए। छात्रों ने एक छोटी सी नाटिका के माध्यम से बताया कि कैसे बाघों की घटती संख्या पर्यावरण पर बुरा असर डालती है और हम सभी को मिलकर उनकी रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक शहाब हैदर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाघ सिर्फ जंगल का राजा नहीं, बल्कि हमारी धरती का प्रहरी है। जब हम बाघ को बचाते हैं, तो हम अपने जीवन को भी सुरक्षित करते हैं। एक जागरूक बच्चा ही कल का रक्षक होता है।



# सेंसेक्स में 447 अंकों की उछाल



मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी के दम पर स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को तीन दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही, जबकि निफ्टी 140 अंक चढ़ गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 81,337.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 538.86 अंक चढ़कर 81,429.88 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 140.20 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 24,821.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सर्वाधिक 2.21 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, मारुति, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक भी लाभ में रहे। हालांकि, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और आईटीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे को लेकर अनिश्चितता बने रहने के बीच घरेलू बाजार में सुधार देखा गया। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले और एक अगस्त से अमेरिकी शुल्क लागू होने की समयसीमा को देखते हुए निवेशक सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। बीएसई पर सूचीबद्ध छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप सूचकांक में 1.10 प्रतिशत की तेजी रही जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप में 0.84 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। तेजी के माहौल में सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। रियल्टी खंड में सर्वाधिक 1.64 प्रतिशत की तेजी रही जबकि दूरसंचार खंड 1.50 प्रतिशत और ऊर्जा खंड 1.22 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,486 कंपनियों के शेयर बढ़त पर रहे जबकि 1,515 कंपनियों में गिरावट रही और 154 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी का रुख रहा। कम मूल्य पर खरीदारी और उतार-चढ़ाव में कमी आने से निवेशक धारणा बेहतर हुई और बाजार तीन दिन की गिरावट से उबर गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 6,082.47 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा।

# रुपया 12 पैसे टूटकर 86.82 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया मंगलवार को 12 पैसे टूटकर 86.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) और आयातकों की ओर से मासान्त की डॉलर मांग ने रुपये पर और दबाव डाला। इसके अलावा, इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले निवेशक सतर्क हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.76 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 86.92 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छू गया। अंत में यह 86.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 86.70 पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर में तेजी व कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण भारतीय रुपया करीब 20 पैसे गिर गया। अमेरिका-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से अमेरिकी डॉलर में मजबूती आई। हालांकि, पिछले तीन सत्रों की भारी गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में आई तेजी ने गिरावट को कुछ कम किया। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.75 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 446.93 अंक की बढ़त के साथ 81,337.95 अंक पर जबकि निफ्टी 140.20 अंक चढ़कर 24,821.10 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 70.36 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 6,082.47 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## टीसीएस का बाजार पूंजीकरण दो सत्र में 28,148.72 करोड़ घटा

नयी दिल्ली। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार पूंजीकरण में दो सत्र में 28,148.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। कंपनी के इस साल अपने वैश्विक कार्यबल में से 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा के बाद यह गिरावट आई है।

बीएसई पर मंगलवार को कंपनी का शेयर 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,056.55 रुपये पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,041 रुपये पर आ गया था। एनएसई पर यह 0.72 प्रतिशत फिसलकर 3,057 रुपये पर आ गया। टीसीएस के शेयर में सोमवार को करीब दो प्रतिशत की गिरावट आई थी। दो कारोबारी सत्र में शेयर में 2.48 प्रतिशत की गिरावट आई है। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) दो सत्र में 28,148.72 करोड़ रुपये घटकर 11,05,886.54 करोड़ रुपये रह गया है। भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल अपने वैश्विक कार्यबल के करीब दो प्रतिशत या 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने वाली है, जिनमें से ज्यादातर मध्यम और वरिष्ठ स्तर के होंगे। टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या 30 जून, 2025 तक 6,13,069 थी। हाल ही में समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी ने अपने कर्मचारियों की संख्या में 5,000 की वृद्धि की।

# अमेरिकी दल वार्ता के लिए 25 अगस्त को भारत आयेगा

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी दल 25 अगस्त को भारत आएगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने आगे कहा कि एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने के साथ ही दोनों पक्ष एक अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रखेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत (26 प्रतिशत) सहित दर्जनों देशों पर लगाए गए शुल्क की निलंबन अवधि एक अगस्त को समाप्त हो रही है। अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी दल छठे दौर की वार्ता के लिए भारत आ रहा है। भारत और अमेरिकी दलों ने पिछले हफ्ते वाशिंगटन में समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच इसमें शामिल हुए। ये विचार-विमर्श महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने इस साल दो अप्रैल को उच्च जवाबी शुल्क की घोषणा की थी। हालांकि, इसे 90 दिन के लिए नौ जुलाई तक और बाद में एक अगस्त तक स्थगित कर दिया गया। भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क रियायतों की अमेरिकी मांग पर अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने अबतक किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में अपने व्यापारिक साझेदार को डेयरी क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी है।



## बड़े राज्यों की राजस्व वृद्धि सात से नौ प्रतिशत तक रहने का अनुमान

कोलकाता। देश के बड़े राज्यों की राजस्व वृद्धि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सात से नौ प्रतिशत बढ़कर 40 लाख करोड़ रुपये हो सकती है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी शोध रिपोर्ट में कहा कि यह गत वित्त वर्ष 2024-25 की 6.6 प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा अधिक है। हालांकि, यह दशकीय वृद्धि दर करीब 10 प्रतिशत से कम है। शोध रिपोर्ट में कहा गया कि 18 बड़े राज्यों जिनकी सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है उनकी राजस्व वृद्धि चालू वित्त वर्ष में सात से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है जो लगभग 40 लाख करोड़ रुपये होगी। इसमें कहा गया कि राजस्व वृद्धि में वृद्धि को स्थिर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और केंद्र द्वारा कर के हिस्से के हस्तांतरण से समर्थन मिलेगा। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल 18 बड़े राज्यों में शामिल हैं। राज्यों के राजस्व स्रोतों में दो चीजें... स्वयं का कर राजस्व और केंद्र से प्राप्त धन शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में इन राज्यों के स्वयं के कर राजस्व में लगभग आठ प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो जीएसटी एवं आबकारी कर के दम पर दर्ज की जाएगी जबकि पेट्रोलियम कर में मामूली वृद्धि होगी।

# भारत में सहकारिता अब आत्मनिर्भरता का माध्यम



संयुक्त राष्ट्र। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत में सहकारिता अपनी पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है और अब यह डिजिटल सेवाओं, ऊर्जा और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेष एवं आत्मनिर्भरता का माध्यम बन गयी है।

शाह ने सोमवार को सहकारिता और सतत विकास : गति बनाए रखना और नयी संभावनाएं तलाशने विषय पर एक विशेष स्मृति कार्यक्रम में पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता एक जीवंत और समुदाय-आधारित प्रणाली है जो कृषि से लेकर वित्त, उपभोग से लेकर निर्माण और ग्रामीण सशक्तीकरण से लेकर आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से डिजिटल समावेशन तक हर क्षेत्र को समाहित करती है। उन्होंने कहा कि इसकी अनूठी ताकत इस बात में निहित है कि यह स्थानीय स्तर पर लाभ देती है, साथ ही ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में सम्मानजनक आजीविका का एक सशक्त माध्यम भी बनती है। शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम की विषय वस्तु इस बात को दर्शाती है कि सहकारिता की अवधारणा न केवल आज की आधुनिक दुनिया में प्रासंगिक है, बल्कि सतत और समावेशी विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता अब अपनी पारंपरिक सीमाओं से आगे निकल चुकी हैं और डिजिटल सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, ऊर्जा, जैविक खेती और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेष व आत्मनिर्भरता का माध्यम बन चुकी हैं। शाह ने कहा कि तकनीकी नवोन्मेष आज सहकारिताओं को और अधिक समावेशी बना रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने केन्या और मंगोलिया के स्थायी मिशनों के साथ मिलकर न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर यह कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सहकारिता के सिद्धांत, उनके मूल्य और जन-केंद्रित दृष्टिकोण उन्हें मानव-केंद्रित विकास के सबसे प्रभावशाली मॉडल में से एक बनाते हैं। गौरतलब है कि भारत में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना जुलाई 2021 में हुई थी और अमित शाह देश के पहले सहकारिता मंत्री बने थे।

# प्रधानमंत्री में इंदिरा गांधी का आधा साहस भी है तो बोलें कि ट्रंप ने असत्य बोला: राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में इंदिरा गांधी का 50 प्रतिशत भी साहस है तो उन्हें सदन में बोलना चाहिए कि भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने असत्य बात कही है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं होने के कारण विमानों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 29 बार कहा है कि उन्होंने युद्धविराम कराया है। अगर वह गलत हैं तो प्रधानमंत्री यहां सदन में कहें कि ट्रंप असत्य बोल रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री मं



इंदिरा गांधी की तरह साहस है तो वह यहां पर कह दें कि ट्रंप झूठे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, अगर प्रधानमंत्री में इंदिरा गांधी का 50 प्रतिशत भी साहस है तो ट्रंप के बयान को खारिज कर दें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पहलगाम में निर्मम और बर्बर हमला किया गया, जिसकी साजिश पाकिस्तान से रची गई थी। उन्होंने कहा, इस सदन के हर व्यक्ति ने पाकिस्तान की निंदा की। ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होते ही सभी विपक्षी दलों ने फैसला किया कि हम अपने सशस्त्र बलों और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें गर्व है कि विपक्ष के रूप में हम उस तरह से एकजुट रहे, जैसे होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब सशस्त्र बलों के लोगों से हाथ मिलाते हैं तो पता चलता है कि हिंदुस्तान की सेना का आदमी है। पता चलता है कि टाइगर है। राहुल गांधी ने कहा, आप टाइगर को बांध नहीं सकते...दो शब्द हैं, एक राजनीतिक इच्छाशक्ति है और दूसरा अभियान की पूरी आजादी। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1971 के युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर की तुलना की।

## पेज एक का शेष

### 200 मदरसा

निर्माण जैसे अनेक कार्य कर बुनियादी ढांचे को सशक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि खटीमा के राजकीय महाविद्यालय में अब एमकॉम और एमएससी की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। साथ ही जनजातीय बहुल क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय की स्थापना भी की गई है, जिससे शिक्षा को नई दिशा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य ने एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) इंडेक्स में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सरकार की जनहितकारी नीतियों और ईमानदार प्रशासन का प्रमाण है। धामी ने कहा कि पिछले एक वर्ष में प्रदेश की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4% की गिरावट दर्ज की गई है, जो युवाओं के लिए अवसरों में वृद्धि का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है। पिछले तीन वर्षों में आईएएस, पीसीएस सहित 200 से अधिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर जेल भेजा गया है। सीएम धामी ने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्पहीन संकल्प के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि खटीमा उनकी जनसेवा की जन्मभूमि है और यहां के लोगों से उन्हें लगातार ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, राजेश शुक्ला, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा और बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### विकास कार्यों

है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का समयबद्ध जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, इसके लिए जवाबदेही तय की जाएगी और तकनीक का समुचित उपयोग किया जाएगा तथा कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण अपने-अपने क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करें और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार दिलवाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने पर्यटन से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रयागराज में पर्यटन से जुड़े कई कार्य हुए हैं। प्रयागराज के साथ ही अन्य क्षेत्रों में मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के अंतर्गत जिस प्रकार पहले कार्य हुए थे, उसी तर्ज पर जनप्रतिनिधियों द्वारा पर्यटन से संबंधित प्रस्तावों को गुणवत्ता के साथ जमीन पर उतारा जाए जिससे पर्यटन केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राज्य मंत्री संजीव गोंड, महापौर प्रयागराज उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डॉक्टर वी के सिंह और विन्ध्याचल मंडल के सांसदगण, विधायकगण, विधान परिषद् के सदस्यगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### योगी ने पीएम

प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सेवापुरी के ग्राम सभा बनौली में दो अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। योगी ने कार्यक्रम स्थल एवं आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ ही यातायात को सुगम बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### पाकिस्तान के

की रात को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मुझसे बात करने का प्रयास किया था। वह घंटे भर कोशिश करते रहे। मैं सेना के साथ बैठक में व्यस्त था और फोन उठा नहीं पाया। बाद में मैंने उन्हें कॉलबैक किया। प्रधानमंत्री के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने फोन पर बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। मेरा जवाब था कि अगर पाकिस्तान का यह इरादा है तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा। अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो हम बड़ा हमला करके जवाब देंगे। आगे मैंने कहा कि हम गोली का जवाब गोले से देंगे। उन्होंने कहा कि उस दिन रात में ही हमने पकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस कर दिया, यही हमारा जवाब था, यही हमारा जज्बा था। मोदी ने कहा, आज पाकिस्तान भलीभांति जान गया है कि भारत का हर जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होता है। उन्होंने यह भी कहा, इसलिए मैं संसद में दोहराता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। पाकिस्तान ने दुस्साहस की कल्पना भी की तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा, आज देश देख रहा है कि वह तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है, वहीं कांग्रेस मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर होती जा रही है। दुर्भाग्य से कांग्रेस को पाकिस्तान के मुद्दे आयातित करने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज नैरेटिव गढ़कर एआई का भरपूर उपयोग करके सेना के मनोबल को कमजोर करने का खेल भी होता है, जनता के अंदर अविश्वास पैदा करने के भी भरपूर प्रयास होते हैं और दुर्भाग्य से कांग्रेस और उसके सहयोगी पाकिस्तान के ऐसे ही प्रपंच के प्रवक्ता बन गए हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस को विरोध का कोई न कोई बहाना चाहिए, इसलिए मैं नहीं, पूरा देश उनपर हंस रहा है। मोदी ने कहा कि सेना का विरोध, सेना के प्रति नकारात्मकता कांग्रेस का पुराना रवैया रहा है। उन्होंने पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम के एक बयान की पृष्ठभूमि में कहा कि देश हैरान है कि कांग्रेस ने पाकिस्तान को क्लीनचिट दे दी है, वे इस बात के सबूत मांग रहे हैं कि पहलगाम के आतंकी पाकिस्तान से थे। मोदी ने कहा कि नौ मई को पाकिस्तान ने करीब एक हजार मिसाइल और ड्रोन से बड़ा हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने उन्हें तिनकों की तरह बिखेर दिया। उन्होंने कहा, ये मिसाइलें भारत के किसी भी हिस्से पर गिरतीं तो भयंकर तबाही मचातीं। भारत ने आसमान में ही उन्हें चूर-चूर कर दिया। हर देशवासी को इस पर गर्व हो रहा है। मोदी ने कहा, पाकिस्तान ने आदमपुर एयरबेस पर हमले का झूठ फैलाया, लेकिन मैं अगले ही दिन आदमपुर पहुंच गया और उनके झूठ को बेनकाब कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इतने साल का सत्ता का अनुभव होने के बाद भी विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, किसी के भी बयान पर भरोसा नहीं है।

### भारत ने किया

निर्धारित दिशा में सटीक रूप से आगे बढ़ीं और बिल्कुल सटीकता के साथ निर्धारित लक्ष्य पर पहुंचीं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा अनुरूप कार्य किया, जिन्हें एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसर द्वारा संग्रहित किए गए परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके सत्यापित किया गया था, जिसमें निर्दिष्ट प्रभाव बिंदु के पास स्थित जहाज पर तैनात उपकरण शामिल थे।

### बस और

मास में कांवड़ यात्रा के दौरान बस और ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 18 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। बाबा बैद्यनाथ जी उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। हालांकि, पुलिस ने पुष्टि की कि सिर्फ छह लोगों की मौत हुई है, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में कम से कम 24 कांवड़िये घायल हो गये हैं और उन्हें दुमका के सरैयाहाट पीएचसी सहित विभिन्न अस्पतालों एवं निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर होने के कारण हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांवड़ियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि जिला प्रशासन बचाव अभियान में लगा हुआ है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मौत की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है। सोरेन ने कहा, जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बाबा बैद्यनाथ दुर्घटना में मरने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देवघर से बासुकीनाथ जा रहे कांवड़ियों की बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कई श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा बाबा भोलेनाथ से घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य होने की प्रार्थना करता हूं। देवघर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि कांवड़िये बासुकीनाथ मंदिर जा रहे थे। देवघर के सिविल सर्जन के अनुसार, इस हादसे में बस चालक सुभाष तुरी, गया की सुमन कुमारी, पीयूष, वैशाली, बेतिया की दुर्गावती देवी और जानकी देवी की मौत हुई है।

### जल्द होगी

अभियान में मारे गये आतंकवादियों के पास से मिले हथियारों की फोरेंसिक जांच की गयी है। सिंह ने कहा कि जांच में यह पूरी तरफ स्पष्ट हो गया कि यह वे ही हथियार हैं जिनका इस्तेमाल पहलगाम आतंकवादी हमले में किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा, हम जो कहते हैं, वह करते हैं। यही हमारा चरित्र है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम इलाके में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 निर्दोष नागरिकों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी थी। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके के जंगलों में सेना के शीर्ष पैरा कमांडो ने सोमवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता और उसके दो साथियों को मार गिराया था। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर रुका है, समाप्त नहीं हुआ है और पाकिस्तान अगर फिर नापाक हरकत करता है तो और कठोर कार्वाई होगी। उन्होंने कहा कि सवाल पूछा जाता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक अधिकृत कश्मीर को कब्जे में क्यों नहीं लिया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें इस बात का पूरा विश्वास है कि पाक अधिकृत कश्मीर एक दिन भारत का अंग जरूर बनेगा। उन्होंने कहा, एक दिन ऐसा अवश्य आएगा जब पीओके के लोग भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली और शासन व्यवस्था में शामिल होंगे। उन्होंने इस संबंध में एक शेर के कुछ शब्द बदलते हुए कहा, पीओके टूटने का सबब पूछो न सबके सामने नाम आयेगा तुम्हारा, यह कहानी फिर सही रक्षा मंत्री ने कहा, देश की जनता का आशीर्वाद और ईश्वर की इच्छा रही तो पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों की घर वापसी होगी।

### मंडी में

में एक राहत शिविर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं और अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के घरों में शरण ली है। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), पुलिस और होम गार्ड को बचाव कार्यों में लगाया गया है, जबकि लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग और जल शक्ति विभाग की टीम सड़कों को साफ करने और बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए मैदान में हैं। अधिकारियों ने कहा कि घरों, वाहनों और निजी संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




# गौतम गंभीर और ओवल के क्यूरेटर के बीच तीखी बहस



लंदन। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और ओवल मैदान के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस के बीच तीखी बहस हो गई और गंभीर को मैदानकर्मियों की ओर उंगली उठाकर यह कहते सुना गया तुम नहीं बताओगे कि हमें क्या करना है। ओवल पर भारत और इंग्लैंड के बीच बृहस्पतिवार से पांचवां और आखिरी टेस्ट खेला जायेगा। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में हार की कगार पर पहुंचकर ड्रॉ कराने वाली भारतीय टीम ने दो दिन पहले अभ्यास शुरू कर दिया है। भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बताया कि उनकी टीम को विकेट से 2.5 मीटर दूर खड़े होने के लिए कहे जाने के बाद यह कहासुनी हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम इस मामले में हालांकि कोई शिकायत दर्ज नहीं कराएगी।

कोटक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैदान के एक कर्मचारी ने आकर कहा कि (हमें) विकेट से 2.5 मीटर दूर खड़ा होना है और रस्सी के बाहर से विकेट को देखना है। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने आगे कहा, इसके लिए किसी शिकायत की जरूरत नहीं है। कोटक ने बताया कि भारतीय टीम के सदस्यों ने स्पाइक्स (खिलाड़ियों के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कील वाले जूते) नहीं पहने थे, इसलिए पिच को कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कहा, इस मैच से पहले हमें पता था कि क्यूरेटर के साथ काम करना आसान नहीं है। किसी चीज से लगाव होना अच्छा है, लेकिन बहुत ज्यादा लगाव होना अच्छा नहीं है। हमने जॉगर्स (सामान्य जूते) पहने थे, स्पाइक्स नहीं, इसलिए कोई खतरा नहीं था। अभ्यास सत्र के दौरान गंभीर और क्यूरेटर के बीच की बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक को बीच बचाव करना पड़ा था। यह बहस तब शुरू हुई जब फोर्टिस ने गंभीर से कहा, मुझे इसकी शिकायत करनी होगी और इस पर भारतीय मुख्य कोच ने तीखे तेवर दिखाते हुए जवाब दिया, आपको जो शिकायत करनी है, आप जाकर कर सकते हैं। बल्लेबाजी कोच कोटक ने बीच बचाव किया और फोर्टिस को दूसरे कोने पर ले जाकर उनसे लंबी बात की। कोटक ने इस दौरान कहा हम किसी चीज को नुकसान नहीं पहुंचायेंगे। मोर्ने मोर्कल और रियान टेन डोइशे जैसे भारतीय टीम के अन्य सहयोगी स्टाफ दोनों की बहस को ध्यान से सुन रहे थे।

# मुख्यमंत्री योगी ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या व हम्पी को दी बधाई



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को महिला विश्व कप में जीत के बाद बधाई दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अपने बधाई संदेश में कहा, महिला विश्वकप की विजेता दिव्या देशमुख एवं उपविजेता हम्पी कोनेरु को हार्दिक बधाई। उन्होंने इसी संदेश में आगे कहा, आप दोनों भारत का गर्व हैं। आपकी खेल प्रतिभा और ऐतिहासिक उपलब्धि ने वैश्विक पटल पर मां भारती का मानवर्धन किया है।आप दोनों के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं। किशोरवय भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख सोमवार को बटुमी (जॉर्जिया) में महिला विश्व कप जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। इस जीत ने 19 वर्षीय खिलाड़ी को न केवल प्रतिष्ठित खिताब दिलाया, बल्कि उन्हें ग्रैंडमास्टर भी बना दिया।

**मानसिक दृढ़ता और जीतने की इच्छाशक्ति से दिव्या ने जीता विश्व कप : सुसैन पोल्गर**

नयी दिल्ली। महान शतरंज खिलाड़ी सुसैन पोल्गर ने कहा है कि दिव्या देशमुख को मानसिक दृढता और जीत की ललक के कारण विश व कप खिताब जीतने में मदद मिली।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ

एजेंसी



सेंटकिट्स। आस्ट्रेलिया ने पांचवां और आखिरी टी20 मैच तीन विकेट से जीतकर वेस्टइंडीज दौरे का अंत 8 . 0 से जीत के साथ किया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टेस्ट श्रृंखला 3 . 0 से जीती और फिर पहले चार टी20 मैच भी अपने नाम किये। लगातार आठवीं बार टॉस जीतने के बाद आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिये भेजा और दो गेंद बाकी रहते 170 रन पर आउट किया। शिमरोन हेटमायेर ने 31 गेंद में 52 और शेरफान रदरफोर्ड ने 17 गेंद में 35 रन बनाये। आस्ट्रेलिया के लिये बेन डारशुइस ने 41 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि नाथन एलिस को दो विकेट मिले। आस्ट्रेलिया ने 18 गेंद बाकी रहते सात विकेट पर 173 रन बना लिये। मिचेल ओवन ने 17 गेंद में 37 रन बनाये और कैमरन ग्रीन ने 18 गेंद में 32 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 63 रन जोड़े। आरोन हार्डी 28 रन बनाकर नाबाद रहे।

## पांचवें टेस्ट के लिए एटकिंसन को उतारें : ब्रॉड

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को आराम देना चाहिये जिन्होंने चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। आर्चर ने लॉर्डस टेस्ट में वापसी करते हुए तीसरी गेंद पर ही विकेट लिया और मैच में पांच विकेट चटकाये। उन्होंने मैनचेस्टर में पिछला टेस्ट भी खेला। ब्रॉड ने स्काय स्पोटर्स से कहा , हम चार साल तक आर्चर को बाहर नहीं रख सकते और फिर वापसी के बाद उससे इतनी ज्यादा गेंदबाजी कराके फिर अगले चार साल तक बाहर नहीं कर सकते। आर्चर ने मैनचेस्टर में चार विकेट लिये जबकि इंग्लैंड के बाकी गेंदबाज लय के लिये जूझते नजर आये। ब्रॉड ने कहा मुझे लगता है कि गुस एटकिंसन को खेलना चाहिये। उस पर इतना कार्यभार नहीं रहा है और उसे मौका मिलना चाहिये। टेस्ट क्रिकेट में अभी तक शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ उसे आजमाया नहीं गया है। उन्होंने कहा ब्रायडन कार्स ने चौथे टेस्ट में पूरी कोशिश की लेकिन वह थका हुआ लग रहा था। जोश टंग ने पहला टेस्ट खेला और निचले क्रम के बल्लेबाजों के ही विकेट लिये लेकिन वह आर्चर का विकल्प हो सकता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा मुझे नहीं लगता कि चार साल बाद वापसी करने पर आर्चर को तीन टेस्ट खिलाने चाहिये।

# सात्विक-चिराग मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में



मकाऊ । सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां मलेशिया के लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से जगह बनाने वाले सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशियाई जोड़ी को केवल 36 मिनट में 21-13, 21-15 से हराया। महिला एकल में अनमोल खरब और तस्नीम मीर अपने-अपने क्वालीफिकेशन मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में पहुंच गईं।

अनमोल ने अजरबैजान की कीशा फातिमा अज़ाहरा को 21-11, 21-13 से, जबकि तस्नीम ने थाईलैंड की टिडाप्रोन क्लेबीसुन को 21-14, 13-21, 21-17 से हराया। तस्नीम का मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से, जबकि अनमोल का थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से मुकाबला होगा। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी चीनी ताइपे की लिन जियाओ मिन और पेंग यू वेई की जोड़ी से एक घंटे में 21-16, 20-22, 15-21 से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई। पुरुष युगल में डिंगकू सिंह कोंथौजम और अमान मोहम्मद ने हांगकांग के लॉ चेउक हिम और येउंग शिंग चोई को 21-18, 21-17 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया जहां उनका सामना हमवतन पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के से होगा। थांझांगिनी हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोंजेंगबाम की मिश्रित युगल जोड़ी भी मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई है। उनका मुकाबला अब थाईलैंड की फुवानत होरबानलुएकिट और फुंगफा कोरपथाम्माकिट से होगा। इससे पहले सात्विक और चिराग ने शानदार शुरुआत करते हुए 6-। की बढ़त बना ली थी। मलेशियाई जोड़ी ने अंतर को 10-9 कर दिया था, लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर से खेल पर अपना नियंत्रण बनाया और पहला गेम 21-13 से जीत लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने 13-14 तक दबाव बनाए रखा, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 17-13 से बढ़त बना ली और फिर लगातार चार अंक हासिल करके मैच अपने नाम कर लिया। इस बीच मेइराबा लुवांग मैसनाम मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे और क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में चीन के झू झुआन चेन से 15-21, 21-17, 13-21 से हार गए।

## विश्व चैंपियनशिप में भारतीय तैराकों का निराशाजनक प्रदर्शन

सिंगापुर। भारतीय तैराकों का यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा जब कोई भी तैराक अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया।

अनुभवी साजन प्रकाश अपने पसंदीदा 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। प्रकाश ने ।:59.33 सेकंड का समय लिया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# इंग्लैंड में जिस तरह की क्रिकेट खेली, वह गर्व की बात : गंभीर

लंदन। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि इंग्लैंड का दौरा हमेशा कठिन होता है लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस श्रृंखला में जिस तरह की क्रिकेट खेली गई है , उस पर हर क्रिकेटप्रेमी को गर्व होगा। गंभीर श्रृंखला के दौरान टीम के समर्थन के लिये प्रशंसकों को धन्यवाद देने के लिये सोमवार को इंडिया हाउस में संबोधित कर रहे थे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत की कगार पर पहुंचकर मैच ड्रॉ कराया था। गंभीर ने कहा इंग्लैंड का दौरा हमेशा कठिन होता है क्योंकि दोनों देशों के बीच इतिहास ऐसा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। हमने जब भी ब्रिटेन का दौरा किया है, हमें प्रशंसकों का अपार समर्थन मिला है। हम किसी भी चीज को हलके में नहीं लेते। उन्होंने कहा पिछले पांच सप्ताह दोनों टीमों के लिये काफी रोमांचक रहे हैं। श्रृंखला में जिस तरह की क्रिकेट खेली गई है, उस पर हर क्रिकेटप्रेमी को गर्व होगा। लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा भारतवंशियों के स्वागत समारोह में भारतीय टीम का समुदाय के नेताओं, सांसदों और खेलप्रेमियों ने जबर्दस्त स्वागत किया। भारत और इंग्लैंड के बीच निर्णायक पांचवां टेस्ट ओवल पर बृहस्पतिवार से खेला जायेगा। गंभीर ने कहा दोनों टीमों ने काफी प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया है। हमारे पास एक सप्ताह और है और हम पूरा प्रयास करेंगे कि देशवासियों और यहां मौजूद लोगों को गर्व करने का मौका दें। इंग्लैंड में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने कहा कि टीम ने श्रृंखला में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया है, वह विषमताओं से लड़ने की देश की इच्छाशक्ति का परिचायक है। उन्होंने कहा यह शानदार श्रृंखला रही है और बेहतरीन भावना के साथ खेली गई। सारे मैच पांच दिन तक चले और रोमांचक रहे। हमारी टीम ने जिस तरह का जुझारूपन दिखाया है, वह नये भारत के जीवट का प्रतीक है।

## संक्षेप

### कारेनो बस्टा ने जीत के साथ किया आगाज

टोरंटो। स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस चैम्पियनशिप में कनाडा के वाइल्ड कार्डधारक लियाम ड्राक्सल को 2 . 6, 6 . 4, 6 . 4 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। कारेनो बस्टा ने 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। स्पेन के ही जाउमे मुनार ने कनाडा के डान मार्टिन को 6 . 3, 6 . 0 से हराया। आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ट्रस्टिन स्कूलकेट ने ब्राजील के जोओ फोंसेका को 7 . 6, 6 . 4 से हराया। अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने बेल्जियम के डेविड गोफिन को 6 . 4, 6 . 4 से मात दी।

### डूरंड कप : जमशेदपुर एफसी की लगातार दूसरी जीत

जमशेदपुर। सनन मोहम्मद के दूसरे हाफ में किये गये गोल की मदद से जमशेदपुर एफसी ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को यहां 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में भारतीय सेना पर।-0 से जीत दर्ज की। जमशेदपुर एफसी की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे उसकी टीम दो मैच में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गई है और अब नॉकआउट चरण में जगह बनाने के करीब है।भारतीय सेना ने खेल के पहले हाफ में दबदबा बनाए रखा और कुछ अच्छे मौके बनाए लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। जमशेदपुर ने मैच का एकमात्र गोल 52वें मिनट में किया जब सनन मोहम्मद ने सयाद बिन अब्दुल कादिर को छकाते हुए गेंद को गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। जमशेदपुर ने इसके बाद खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और भारतीय सेना को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

### महिला वनडे में नंबर एक बल्लेबाज बनी स्किवेर ब्रंट

दुबई। इंग्लैंड की कप्तान नेट स्किवेर ब्रंट ने भारत की स्मृति मंधाना को पछाड़कर आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। भारत के खिलाफ हाल ही में श्रृंखला में 160 रन बनाने वाली स्किवेर ब्रंट 2023 में रैंकिंग में शीर्ष पर रही थी।

# अवध राइफल अकादमी ने जीते तीन गोल्ड व तीन सिल्वर



नयी दिल्ली।28 वीं प्री यू. पी. स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ के विक्रम राय ने ट्रैप शूटिंग में गोल्ड मेडल वह डबल ट्रैप में सिल्वर मेडल जीतकर लखनऊ का नाम रोशन कर दिया है।

नई दिल्ली स्थित डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज पर हुई इस प्रतियोगिता में राइफल, पिस्टल, व शॉटगन शूटिंग स्पर्धा में ट्रैप व डबल ट्रैप शूटिंग कंपटीशन में विक्रम राय ने लगभग 45 खिलाड़ियों को शिकस्त देकर गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल प्राप्त कर जीत हासिल की ।बातचीत में विक्रम राय ने बताया कि लखनऊ में स्थित अवध राइफल शूटिंग अकादमी के ओनर है और वहीं पर डबल ट्रैप और ट्रैप की प्रैक्टिस करते हैं उन्होंने बताया की विगत 7 वर्षों से वह और लखनऊ की टीम प्री स्टेट से लेकर नेशनल गेम तक की शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर कई मेडल जीतते आ रहे हैं। अवध राइफल शूटिंग अकादमी के जॉइंट सेक्रेटरी अमित अग्रवाल व जमाल असगर राणा ने संयुक्त रूप से बताया कि अवध राइफल अकादमी के संस्थापक विक्रम राय ट्रैप व डबल ट्रैप के एक कुशल खिलाड़ी हैं और इसे प्रशिक्षण प्राप्त कर कई खिलाड़ी नेशनल कंपटीशन जीत चुके हैं। अमित अग्रवाल ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विक्रम राय के साथ-साथ संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे राइफल शूटर बलजीत सिंह ने 50 में मीटर .22 राइफल प्रोन पोजीशन में सिल्वर मेडल , सीनियर मास्टर कैटेगरी ट्रैप व डबल ट्रैप स्पर्धा में ओवैस अहमद कुरैशी ने गोल्ड मेडल व डबल ट्रैप जूनियर कैटेगरी में गर्वित पांडे ने सिल्वर मेडल जीत कर लखनऊ का मान बढ़ाया है।

**❍ शॉट गन स्पर्धा में विक्रम ने जीता गोल्ड डबल ट्रैप में जीता सिल्वर मेडल**

संयुक्त सचिव जमाल अजगर राणा ने बताया कि अवध राइफल शूटिंग अकादमी के सभी खिलाड़ी स्टेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई हो गए हैं और आगामी दिनों में होने वाली शूटिंग प्रतियोगिता की तैयारी में लग गए हैं उन्होंने बताया कि 28वीं प्री स्टेट यू. पी. शूटिंग प्रतियोगिता में संस्था की ओर से अखंड प्रताप सिंह, कुनाल सेठ, यशार्थ मिश्रा, रुद्रांश, विनायक यादव ,अभय कुमार दुबे आदि ने शूटिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई कर गए हैं।

## एशियाई कप : ग्रुप सी में जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ भारत

नयी दिल्ली। भारत को अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में जापान, पूर्व चैंपियन चीनी ताइपे और वियतनाम के साथ रखा गया है। एक से 21 मार्च, 2026 तक चलने वाले 12 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ मंगलवार को सिडनी टाउन हॉल में आयोजित किये गए, जिसमें भारतीय मिडफील्डर संगीता बासफोर तीन ड्रॉ सहायकों में से एक थीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार मार्च, 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में वियतनाम के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद भारत सात मार्च को इसी मैदान पर जापान से और फिर 10 मार्च को वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम में चीनी ताइपे से भिड़ेगा।

# सात्विक, चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटे

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल विश्व रैंकिंग में फिर शीर्ष दस में पहुंच गए। दोनों पिछले सप्ताह चीन ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे जिससे उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला। दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी और फिलहाल दसवें नंबर पर काबिज चिराग और सात्विक को मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक ने 21 . 13, 21 . 17 से हराया। इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पुरूष एकल में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन 54442 अंक के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गए जबकि एच एस प्रणय दो पायदान चढकर 33वें स्थान पर हैं। महिला एकल में उन्नति हुड्डा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुंच गई जिन्होंने पिछले सप्ताह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू को हराया था।

# 56वें गोमती अखाड़ा महोत्सव में ललित, हिमांशु, संस्कार व कपिल बने चैंपियन



लखनऊ। 1935 से चल रहे गोमती पहलवान अखाड़े में मंगलवार को नागपंचमी के शुभ अवसर पर पारम्परिक मिट्टी में कुश्ती करने वाले पहलवानों का जमावड़ा लगा। चौक के बाग महानारायण स्थित इस अखाड़े में आयोजित 56वें गोमती अखाड़ा महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों में आयोजित मुकाबलों में पहलवानों ने देशी दांव-पेंच जैसे कमर ढाक, चकरी, धोबी पाट, चपरास लगाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

इन मुकाबलों में ललित अवस्थी, हिमांशु कश्यप, सर्वेश कश्यप, संस्कार मिश्रा, अमन कश्यप, आर्यन, कृष्ण मिश्रा, कपिल साहू और डीपी सिंह पप्पू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग में खिताबी जीत दर्ज की। आज अखाड़े में सुंदरकांड के पाठ से आयोजन की विधिवत शुरूआत हुई, जिसके बाद उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर दंगल का उद्घाटन करवाया। इस दंगल मे अखाड़े के उस्तादों जैसे पंडित नागेश्वर अवस्थी, बलदेव राज चोपड़ा, गुरु ओमकार सिंह मास्टर साहब, बनारसी पहलवान, राम हेत मिश्रा आदि पांच गुरुओं के नाम से पुरस्कार वितरण कर विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान फुटबॉल के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए कन्हैया लाल का भी सम्मान किया गया। दंगल के विजेताओं को 11 झ11 सौ रुपए और उप विजेताओं को 500झ500 रुपए की नगद पुरस्कार राशि दी गई।

**❍ नाग पंचमी के अवसर पर 'दंगल' और सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन**

कार्यक्रम आयोजक और पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने बताया कि सीनियर वर्ग में पहलवान ललित अवस्थी, हिमांशु कश्यप व सर्वेश कश्यप अपनी-अपनी कुश्ती जीत कर चैंपियन बने। जूनियर वर्ग में संस्कार मिश्रा, अमन कश्यप, आर्यन ने दांव लगाकर बाजी मारी। जूनियर वर्ग फ्री स्टाइल में कृष्ण मिश्रा व संस्कार मिश्रा और फ्रीस्टाइल में कपिल साहू, डीपी सिंह पप्पू शानदार जीत के साथ चैंपियन बने।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय की ओर से जूनियर फ्री स्टाइल के विजेताओं को 5झ5 हजार रुपए और फ्री स्टाइल के विजेताओं को 11झ11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दंगल में चौक, बालागंज, काकोरी, मड़ियांव समेत अन्य क्षेत्र के 62 पहलवानों ने हिस्सा लिया। दंगल में गोपाल साहू, एनके शर्मा, कमला शंकर अवस्थी, सुनीत कपूर, हिमांशु गर्ग, रितेश श्रीवास्तव, आलोक सिंघल, विकास शुक्ला, अंकुर दीक्षित, नीरज अवस्थी, अरुण वर्मा, ओमप्रकाश कश्यप, पवन निषाद, राजेश शुक्ला, श्याम नारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



